



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 340 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 09 सितम्बर 2024 डाक 10 सिमम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी और संरक्षण एजेंसी ने हैदराबाद के माधापुर में विध्वंस अभियान चलाया





**देश-विदेश**
कानपुर में फिर ट्रेन पलटाने की कोशिश ट्रैक पर गैस सिलेंडर से टकराई कालिंदी एक्सप्रेस, हुआ धमाका!





**फीचर पेज**
फेशियल स्टीम लेने से त्वचा को होते है कई फायदे, जानिए भाप लेने का सही तरीका




# कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या मामले की सुप्रीम सुनवाई, सरकार-सीबीआई ने पेश की रिपोर्ट

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी। सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से आरजी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछा। एसजी मेहता ने जवाब दिया, लगभग 15-20 मिनट का। एसजी मेहता ने मामले की सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि वह हम सबकी बेटी है। मामले में दोषियों को जल्द जल्द सज दी जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट दर्ज करने के समय पर स्पष्टीकरण मांगा। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र दोपहर 1.47 बजे दिया गया, अप्राकृतिक मौत की एंट्री पुलिस स्टेशन में दोपहर 2.55 बजे की गई। सुप्रीम कोर्ट ने तलाशी और जब्ती के बारे में जानना चाहा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शाम 8.30 बजे से 10.45 बजे तक जवाब दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे। एसजी मेहता ने जवाब दिया, हां। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या रात 8.30 से 10.45 बजे तक की गई तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की फुटेज सीबीआई को सौंपे गए इस पर एसजी मेहता ने जवाब दिया कि कुल 27 मिनट के 4 क्लिप सीबीआई को सौंपे गए। एसजी ने कहा कि सीबीआई ने नमूने एम्स और अन्य केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला को भेजने का फैसला किया है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने 22 अगस्त को महिला चिकित्सक की अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी को लेकर कोलकाता पुलिस से नाराजगी जताई थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की प्रशिक्षु पीजी चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने इसे बेहद परेशान करने वाली घटना बताया था। कोर्ट ने घटनाक्रम और प्रक्रियागत औपचारिकताओं के समय पर सवाल उठाए थे। शीर्ष कोर्ट ने चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की सुरक्षा के लिहाज से प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया था।

## काश इंदिरा गांधी से जान पाते राहुल गांधी, आरएसएस पर दिए बयान को लेकर ये क्या बोले गिरिराज सिंह



**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका के एक कार्यक्रम में भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का मानना है कि भारत एक विचार पर आधारित देश है, लेकिन हमारा मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है। राहुल के बयान पर अब भाजपा ने निशाना साधा है। राहुल पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि युवराज राहुल गांधी के नेतृत्व में देश की जनता ने तीसरी बार कांग्रेस को नकार दिया है।

मेक इन इंडिया के रूप में भारत जो रक्षा आयात करता था, अब निर्यात कर रहा है, ये राहुल को नहीं दिखेगा। गिरिराज ने कहा कि भारत की प्रशंसा करने के बजाय, राहुल विदेश जाकर भारत को गाली दे रहे हैं और चीन की प्रशंसा कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह चीन के पैसे पर पल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया जाना चाहिए जो भारत से बाहर जाकर भारत की आलोचना करते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से अभिषेक और रुजिरा बनर्जी को झटका ईडी के समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट से तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को करारा झटका लगा है।

कोर्ट ने बंगाल के स्कूलों में कथित भर्ती अनियमितताओं से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के समन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। याचिका टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी और उनकी पत्नी की ओर से दाखिल की गई थी।

## मधुगिरि तालुक में दो कारों के बीच टक्कर, एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत




**बंगलूरू, 09 सितम्बर।**

कर्नाटक के मधुगिरि तालुक में केरेगलपाल्या के पास दो कारों के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में चार पुरुष, एत महिला और एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। इस घटना में घायल हुए दो लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## कांग्रेस को बड़ा झटका, दिल्ली एम्स में भर्ती हुए दीपक बावरिया

### डॉक्टर ने चुनाव प्रचार करने से किया मना



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के बीच कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है।


बीपी एबनॉर्मल होने की वजह से दीपक बावरिया को दिल्ली एम्स में एडमिट कराया गया है। शुरुआती जांच के बाद एम्स के डॉक्टरों ने दीपक बावरिया को आराम करने की सलाह दी है। डॉक्टर ने फिलहाल उन्हें किसी भी तरह की एक्टिविटी में शामिल नहीं होने की सलाह दी है। ऐसे में दीपक बावरिया हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में शामिल नहीं हो पाएंगे।

## सीएम विष्णुदेव साय ने कमला देवी साहू के निधन पर जताया दुःख



**रायपुर ।** सीएम विष्णुदेव साय ने कमला देवी साहू के निधन पर दुख्ख जताया है। ट्विटर पर सीएम साय ने लिखा, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी कमला देवी साहू जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को दुःख की इस घड़ी में संबल प्रदान करें। रमन सिंह का ट्वीट - छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री ताम्रध्वज साहू जी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी साहू के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करें। भूपेश बघेल का ट्वीट - पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री ताम्रध्वज साहू जी की धर्मपत्नी, भाभी कमला देवी साहू जी के निधन का समाचार दुखद है। इस दुःख की घड़ी में ईश्वर समस्त परिवारजनों को आघात सहने की शक्ति दे, उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## विनेश फोगाट का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ, रेलवे ने मंजूर किया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** उत्तर रेलवे ने बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। अब दोनों पहलवानों का विधानसभा चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। कांग्रेस में शामिल होने से पहले दोनों पहलवानों ने रेलवे की नौकरी से इस्तीफा दिया था।




## हिंदू मंदिरों और दुर्गा पूजा पंडालों में तैनात होंगे मदरसा छात्र, बांग्लादेश सरकार का आदेश

**ढाका, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा अभी थमी नहीं है। इस बीच दुर्गा पूजा के दौरान हिंसा होने की आशंका है। कट्टरपंथी हिंदू त्योहारों को अपना निशाना बना सकते हैं। इस बीच बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने उपद्रवियों को कड़ी चेतावनी जारी की है। सरकार ने स्पष्ट किया कि दुर्गा पूजा के दौरान सांप्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने और अशांति फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। दुर्गा पूजा 9 से 13 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। बांग्लादेश सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान हिंदू मंदिरों में मदरसा छात्रों की तैनाती का आदेश भी दिया है। बांग्लादेश के धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले के गोदागरी में स्थित प्रेमतली गौरांग बारी कालीमंदिर का दौरा किया। धार्मिक सलाहकार ने कहा कि अगर कोई मंदिरों में लोगों को परेशान करता है तो उसे हम नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने हिंदू समुदाय से अपने त्योहारों को उत्साह और धार्मिक भावना के साथ मनाने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी को भी उनके मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। धार्मिक मामलों के सलाहकार ने कहा कि अगर आपको अपने मंदिरों पर हमलों का डर है तो आप निश्चिंत रहें कि कोई भी अपराधी सफल नहीं होगा। हमने मदरसा छात्रों समेत स्थानीय लोगों को मंदिरों की रखवाली करने के लिए नियुक्त किया है। कोई भी धार्मिक त्योहार मनाने से नहीं रोकेगा। पांच अगस्त को शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद और देश छोड़ने के बाद से बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ लगातार हिंसा का दौर जारी है। बता दें कि 1971 में बांग्लादेश की आबादी में 22 प्रतिशत हिंदू थे। अब यहां हिंदुओं की संख्या महज आठ फीसदी बची है।

## पटना में सड़क किनारे बैठे भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या, मोबाइल लेकर भाग गए बाइक सवार बदमाश

**पटना, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**



बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को सिटी चौक थाना क्षेत्र के रामदेव महतो सामुदायिक भवन मोड़ पर सड़क किनारे बैठे भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। दिनदहाड़े हुई वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा उर्फ मुन्ना शर्मा ऑटोरिक्शा के लिए घर से निकले थे। वह सड़क के किनारे बैठकर इंतजार कर रहे थे।

इस दौरान बाइक सवार अपराधियों ने उन्हें गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद अपराधी फरार हो गए। भागते वक्त बदमाश मुन्ना शर्मा का मोबाइल फोन छीनकर ले गए। शर्मा के छोटे बेटे राहुल शर्मा ने बताया कि पिता ने चांदी की चेन पहनी थी। परंतु, अपराधियों ने चेन और पैसे नहीं छीने। राहुल ने बताया कि गोली लगने से घायल पिता को इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज ले गया। वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## महाकाल मंदिर में लगाया गया अत्याधुनिक फायर सिस्टम, होली पर हुए हादसे से लिया सबक



**उज्जैन ।** मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में आग लगने की घटना को रोकने के लिए बड़ौदा (गुजरात) की विमल कंपनी ने अत्याधुनिक फायर सिस्टम लगाया है। मंदिर कर्मचारी तथा सुरक्षाकर्मियों को सिस्टम के संचालन का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस बार होली पर तड़के 4 बजे भस्म आरती में मंदिर के गर्भगृह में आग लग गई थी। इसमें कई पुजारी तथा सेवक झुलस गए थे। उपचार के दौरान एक सेवक की मौत भी हो गई थी। इसके बाद मंदिर समिति ने आगजनी की घटना को रोकने के लिए यह कदम उठाया है।

## माना पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का वीडियो सैंकड़ों जवानों ने किया जुंबा डांस

रायपुर 09 सितम्बर। छत्तीसगढ़ पुलिस के एएसआई, एसआई समेत 700 पुलिस के जवानों का एक वीडियो सामने आया है. इस वीडियो में पुलिस के अधिकारी और जवान एक छत्तीसगढ़ गाने पर जुम्बा डांस करते हुए दिखाई दे रहे है। ये वीडियो माना स्थित ट्रेनिंग सेंटर का है। जहां इन जवानों को ट्रेनिंग के बाद स्ट्रेस दूर करने के लिए ये जुम्बा डांस कराया जा रहा है। आप इस वीडियो में देख सकते है कि कैसे जवान छत्तीसगढ़ी सांग हमर पारा तुंहर पारा गाने पर जुम्बा कर रहे है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# दूर हुई नाला जाने की कहानी,नल से घर पर आने लगा पानी



कोरबा । पहाड़ी कोरवा हीरा बाई को वह दिन आज भी भलीभांति याद है,जब एक मटके पानी के लिए उन्हें घर से बाहर जंगल की ओर रूख करना पड़ता था। पानी की यह जद्दोजहद उन्हें इस तरह परेशान किया करती थी कि वह अपनी किस्मत को कोसते हुए कुछ दूर जंगल पर स्थित नाले में जाती थी और वहाँ से पानी लाकर घर का जरूरी काम निपटाती थी। एक दिन उसके गाँव से होकर पक्की सड़क बनी,लेकिन पानी के लिए उम्मीद लगाई हीरा बाई को पहले जैसे ही समस्याओं के बीच दिन काटना पड़ा। न पानी की व्यवस्था हुई, न नल का कनेक्शन मिला। वह अपने छोटे बच्चों को लेकर नाला जाती और वहीं खतरों के बीच नहलाती थी। अब जबकि घर के पास ही सोलर ड्यूल पम्प लग गया है और घर में ही नल का कनेक्शन मिल गया है तो पहाड़ी कोरवा हीरा बाई अपनी किस्मत को नहीं कोसती। वह कहती है कि नल कनेक्शन लगने और पानी घर पर आने से उसे नाला जाना नहीं पड़ता। घर पर ही नल से बहती धार से पानी मिल जाती है। कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम कोराई में रहने वाली पहाड़ी कोरवा हीरा बाई का बड़ा परिवार है। वर्षो से वे सभी जंगल के करीब रहते आए हैं। लंबे समय से नालों का पानी पीते आए इस पहाड़ी कोरवा परिवार को अपने घर के पास सोलर ड्यूल पम्प के माध्यम से नल लग जाने से बहुत राहत मिली है। पहाड़ी कोरवा हीरा बाई ने बताया कि घर के सभी सदस्य अब घर के नल से ही पानी पीते हैं। घर में अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी पानी उपयोग में आता है। उन्होंने बीते हुए दिनों की समस्याओं को बताते हुए कहा कि नल नहीं लगने से पहले उनकी जिंदगी कठिनाई के बीच कटती थी।

सबसे ज्यादा समस्या पानी को लेकर ही बना रहता था। सुबह होते और शाम ढलने से पहले तक नालों का चक्कर काटना पड़ता था। बारिश के दिनों में नाले से पानी लाना और भी कठिन बन जाता था, क्योंकि नाला उफान पर होने के साथ पानी गन्दा भी हो जाता था। हीरा बाई ने बताया कि जब से सोलर पम्प लगा है उनके साथ ही गाँव के अन्य महिलाओं की बड़ी समस्या दूर हो गई है। उन्हें नल से साफ पानी मिलने के साथ नाले तक दौड़ नहीं लगानी पड़ती। उन्होंने जल जीवन मिशन से घरों तक पहुँचने वाले नल कनेक्शन और पानी की उपलब्धता को दूर दराज में रहने वाले ग्रामीणों के लिए वरदान बताया।

## बुजुर्ग महिला जिला में भटक रही थी 7 माह से, डायल 112 ने सुरक्षित पहुंचाया परिवार वालों तक

कोरबा । सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर रायपुर से एक बुजुर्ग महिला की सूचना पर बालको कोबरा-1 की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई जहां पहुंचकर कॉलर से मिले उसने बताया कि एक बुजुर्ग महिला परसाभाठा शिव मंदिर के पास सुबह से बैठी हुई थी, जो कुछ भी नहीं बोल रही। अभी-अभी वह महिला यहां से कहीं चली गई है जिसे क्षेत्र में ढूंढा गया, जो बड़ी मशक्कत के बाद नेहरू नगर मुक्तिधाम के पास मिली। उससे पूछताछ करने पर अपना नाम और पता बता बमुश्किल बता पाई। उस बुजुर्ग महिला ने अपना नाम इतवारीन बाई यादव पति का नाम ननकी राम यादव उम्र लगभग 65 वर्ष करतला क्षेत्र का निवासी होना बताया। उसके बाद क्षेत्र के सरपंच से संपर्क कर उक्त बुजुर्ग महिला के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। सरपंच के द्वारा बताया गया कि यह महिला 7 महीना से घर से अपने बेटी के घर जा रही हूं, कहकर निकली है जो आज तक नहीं पहुंच पाई है। यह बुजुर्ग महिला पिछले 7 माह से कोरबा जिला में भटक रही है, ऐसी जानकारी सरपंच के द्वारा दी गयी। सरपंच के द्वारा उसकी बेटी जो शादी होकर कोरबा आई थी इसका नंबर दिया गया, जिससे उस बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उसके परिवार वालों तक पहुंचाया गया। जिससे उसकी बेटी अपने मां को 7 महीने बाद पाकर बहुत ही प्रसन्न हुई और अपने मां को अपने घर ले गई। इस कार्य के लिये डायल 112 की जिलेवासियो द्वारा भूरी-भूरी प्रसंशा की जा रही हैं। बुजुर्ग महिला के परिवार वालो ने डायल 112 को बहुत-बहुत धन्यवाद व्यक्त किया।

## गणेश पंडाल का लोकार्पण कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन, सुख-समृद्धि की कामना की

कोरबा। ढोढीपारा वार्ड क्र. 15 आयुष्मान स्वास्थ्य केन्द्र भवन के पास गणेश चतुर्थी पर्व के दिन विराजमान श्री गणेश जी के दर्शन लाभ लेने पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल पहुंचे।

वार्ड क्र 15 ढोढीपारा के नवयुवक संगठन के द्वारा आयोजित श्री गणेश पूजा उत्सव कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि गणेश पंडाल का लोकार्पण कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन, सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने श्री अग्रवाल को पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया। इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद, वार्ड के पूर्व पार्षद मनकराम साहू सहित उत्सव समिति के सदस्यगण व वार्डवासी भारी संख्या में उपस्थित थे।

## श्रीसप्तदेव मंदिर में चल रहा नौ दिवसीय उत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न

कोरबा । कोरबा अंचल के हृदय स्थल सीतामणी मेन रोड क्षेत्र में स्थित श्रीसप्तदेव मंदिर में मॉ श्रीराणीसती दादी, श्रीखाटू श्यामजी, श्रीलक्ष्मी नारायण, श्रीशंकर पार्वती, श्रीराधाकृष्ण, श्रीरामजानकी, श्रीहनुमान, श्रीदुर्गा के साथ-साथ चारों धाम, द्वादश ज्योर्तिलिंग एवंश्रीशिव पंचायतन के दर्शन होते है एवं इस मंदिर की विशेषता है कि यहॉ सभी की मनोकामना पूर्ण होती है।

इस मंदिर मे देश के प्रसिद्व साधु, संतो, शंकराचार्यो एवं राजनेताओ का आगमन हो चुका है एवं सभी ने मॉ श्रीराणी सती दादी एवं मंदिर में विराजित अन्य देवी-देवताओं के दर्शन कर उनका आर्शीवाद प्राप्त किया है। श्री सप्तदेव मंदिर मे सभी उत्सवों को धूमधाम से मनाने की परंपरा काफी पुरानी रही है। इस मंदिर में 5 प्रमुख उत्सवों श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, श्रीभादी अमावस्या, मंगसिर नवमी एवं श्रीखाटू श्याम का कार्तिक एवं फाल्गुन महोत्सव बहुत ही उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। विदित हो श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में बडे-बडे पंडाल लगाकर भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न लीलाओं पर आधारित झांकियॉ बनाई जाती है। जिसके अंतर्गत इस वर्ष का मुख्य आकर्षण अयोध्या में विराजित रामलला की मूर्ति, अयोध्या का मंदिर, काशी विश्वनाथ का मंदिर एवं सेल्फी पाइंट था जिसे देखने के लिये कोरबा जिले के दूरदराज से भक्तगण मंदिर पधारे।1 सितंबर को मंदिर में सायं 4.00 बजे से 6.00 बजे तक दादी जी की पगधोई, मेंहदी उत्सव, ज्वारा उत्सव मंदिर में मनाया गया जिसमें सैंकडों महिला श्रद्धालु उपस्थित होकर इस उत्सव को धूमधाम से मनाया। श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने बताया कि इन 9 दिनों तक चलें इस उत्सव को सभी ने जिस प्रकार अनुशासित ढंग एवं एकात्मभाव के साथ मनाया उसकी जितनी भी प्रशंसा की जावे कम है, उन्होने समस्त भक्तगणों के साथ साथ नगर पालिक निगम, पुलिस प्रशासन, प्रशासनिक विभाग के साथ साथ समस्त समाजों एवं इन उत्सवों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# एजुकेशन फॉर ऑलथीम पर हुए विविध कार्यक्रम

कोरबा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षा से वंचित लोगों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने अनुशंसाकी गयी है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में छात्र अध्यापकों द्वारा 1 से 8 सितंबर तक देशव्यापी साक्षरता सप्ताह एवं अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस समारोह के अंतर्गत साक्षरता जागरूकता के लिए विविध कार्यक्रम, गतिविधियां आयोजित हुई। एजुकेशन फॉर ऑल, जन-जन साक्षर थीम पर अनेक कार्यक्रमों का विद्यालय में आयोजन किया गया। डाइट के छात्र अध्यापक वर्तमान में 2 माह के लिए सेवापूर्व प्रशिक्षण के अंतर्गत शाला अनुभव कार्यक्रम के लिए जिले के स्कूलों में गए हुए हैं, जिनमे रिसदी, एनसीडीसी, गोकुल नगर, खरमोरा, सेंट्रल वर्कशॉप, अंधरी कछार, पंप हाउस, कोहड़िया, भिलाई खुर्द, दादर खुर्द, सीतामढ़ी, पुरानी बस्ती क्षेत्र के विद्यालय सहित अन्य विद्यालय भी शामिल है।राज्य शासन द्वारा दिए गए तिथि के अनुसार उनके द्वारा अपने विद्यालय के प्रधान पाठक सभी शिक्षकों के सहयोग से साक्षरता जागरूकता के लिए विविध प्रकार के कार्यक्रमो व गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत उल्लास शपथ, उल्लास गीत, उल्लास लोगों, नारा लेखन, सबके लिए शिक्षा पर गीत, नृत्य, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, रैली, आदि कार्यक्रमों का आयोजन कर साक्षरता जागरूकता का संदेश दिया गया। डाइट के छात्र अध्यापकों को शाला अनुभव कार्यक्रम के तहत अपने-अपने विद्यालय में साक्षरता व शिक्षा के प्रचार प्रसार करने के लिए प्राचार्य राम हरि शराफ, उल्लास नवभारत साक्षरता प्रभारी टीम व्याख्याता पदमा प्रधान, जे.के. फ्लोरा, आशु गुप्ता, पीएसटी प्रभारी पी.के. कौशिक, आई.एस.टी. प्रभारी अरविंद शर्मा, शिक्षक पूजा बघेल सहित अन्य अकादमिक सदस्यों का मार्गदर्शन व योगदान मिला।

### पशु कल्याण बोर्ड सदस्य ने किया गौशाला का अवलोकन

कोरबा । भारतीय पशु कल्याण बोर्ड नई दिल्ली के सदस्य राम के रघुवंशी ने आज केंदई गौशाला का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने गौमूत्र निर्माण और गोबर से उपयोगी उत्पाद के सम्बंध में गौशाला सदस्यों के साथ चर्चा की।भारतीय पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य राम के रघुवंशी द्वारा स्वामी भजानंद आश्रम स्थित गौशाला में पशुओं के प्रबंधन और संचालन को करीब से देखा और सदस्यों से इसके संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में स्थित वनवासी आश्रम का भी अवलोकन किया।

## सुरक्षागार्ड की पत्नी की लटकती मिली लाश

कोरबा । कोरबा अंचल अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी पथर्रीपारा में एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला है। सुबह जब पति ने पत्नी का लटका शव देखा तो उसने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक महिला की पहचान कमलाबाई (40) के रूप में की गयी हैं। बताया जा रहा हैं की मृतक महिला का पति आबकारी विभाग का सुरक्षाप्रहरी है और बालको रोड स्थित रामपुर शराब दुकान पर कार्यरत है। महिला का शव फांसी के फंदे पर लटके होने की जानकारी मिलने पर सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### तेलुगु समुदाय द्वारा गणेश उत्सव के आयोजन में चढ़ाया गया 15 किलो का लड्डू

कोरबा । कोरबा अंचल के शिवाजी नगर में स्थित तेलुगु समुदाय द्वारा विगत 25 वर्षों से अधिक वर्षो से गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस वर्ष समिति के द्वारा रामलला के रूप में भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा स्थापित की गयी हैं। श्रीगणेश की स्थापना के पश्चात तेलुगु समुदाय के द्वारा भगवान श्रीगणेश को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैंड-बाजे के साथ मेवे से बना 15 किलो का लड्डू भोग के रूप में चढ़ाया गया है।

इस लड्डू की कीमत बोली में लाखों रुपए में जाती है। तेलुगु समुदाय में इसका अपना अलग महत्व है। समुदाय से जुड़ा हर व्यक्ति इसे पाना चाहता है। श्रीगणेश विसर्जन से एक दिन पहले समुदाय के लोगों के बीच इस भोग प्रसाद के रूप में स्थापित लड्डू की बोली लगाई जाती है, जिसकी कीमत लाखों रुपए में जाने की उम्मीद है। गत वर्ष इसकी कीमत एक लाख पच्चीस हजार रुपए गई थी।

गणेश विसर्जन से पहले इस लड्डू को धूमधाम से बोली लगाने वाले के घर पहुंचाया जाता है। तेलुगु समुदाय के लोगों का मानना है कि इस भोग के रूप में भगवान श्रीगणेश उनके घर में विराजमान होते हैं।इस अवसर पर तेलुगु समुदाय के लोगों ने भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना कर उनसे आशीर्वाद लिया। समुदाय के लोगों ने कहा कि भगवान श्रीगणेश की कृपा से हमारे जीवन में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे।

## ट्रांसपोर्टर पर मामला दर्ज

कोरबा। कुसमुण्डा के ट्रांसपोर्टर अमरजीत सिंह के खिलाफ कुसमुण्डा पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। इस संबंध में कुसमुण्डा थाना प्रभारी रूपक शर्मा ने कहा की मारपीट की शिकायत पर प्रथम दृष्टया अमरजीत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि पीड़ित कृपाल सिंह कंवर ने सर्वमंगला चौकी में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अमरजीत के खिलाफ 04 सितम्बर की रात कुसमुण्डा खदान के नीलकंठ कैम्प के पास मारपीट करने का आरोप लागया है। पीड़ित की शिकायत पर कुसमुण्डा पुलिस ने अमरजीत सिंह के खिलाफ धारा 286,115(2),351(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।शिकायतकर्ता ने सर्वमंला चौकी में आकर लिखित शिकायत दर्ज कराया कि वह 04.09.2024 को रात्रि लगभग 09.30 बजे कुसमुण्डा खदान रास्ते से अपने घर खैरभवना जा रहा था कि कुसमुण्डा खदान के नीलकंठ कंपनी कैंप व बेरियर के बीच कुछ लोग खड़े थे में भीड देखकर रूक गया तब मुझे देखकर अमरजीत बोला कि तु कौन है ज यहां क्या कर रहा है कहते हुए गंदी गंदी गाली देते हुए मुक्का से मेरे सिर पर मारपीट किया।

## पदोन्नत होने पर कप्तान ने उपनिरीक्षकों के कंधे पर लगाया स्टार



कोरबा। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर से जारी आदेश क्रमांक पुमु/स्था/ए-3/एम-2805/2024 रायपुर, दिनांक 03.09.2024 के तहत विभिन्न जिलों में पदस्थ सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति दिया गया है। पदोन्नत के तहत जिला पुलिस कोरबा के चार सहायक उप निरीक्षक- राजेश तिवारी, राकेश गुप्ता, अजय सोनवानी और मालिक राम जांगड़े को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई । आदेश के फलस्वरूप आज पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री यू.बी.एस चौहान व श्रीमती नेहा वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना ने इन चारों सहायक उपनिरीक्षकों के कंधे पर स्टार लगाया गया और पदोन्नति की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने पदोन्नत हुए उप निरीक्षकों को निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गीतांजली भवन में विनोद दुबे का लगेगा दरबार

कोरबा। प्रख्यात सिद्ध पुरुष ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद दुबे जी का निशुल्क दरबार श्री महालक्ष्मी जन कल्याण समिति कोरबा के तत्वाधान में दिनांक 14 सितंबर 2024 शनिवार एवं 15 सितंबर 2024 रविवार को पुराना बस स्टैंड स्थित गीतांजली भवन कोरबा छत्तीसगढ़ में प्रातः 10 बजे से लगेगा। इस विषय मे श्री महालक्ष्मी जन कल्याण समिति कोरबा के जिला शाखा प्रभारी डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने बताया की इस निशुल्क दरबार में आमजनों के स्वास्थ्य, धनलाभ एवं आनंद की प्राप्ति हेतु गुरुदेव पंडित विनोद कुमार दुबे जी द्वारा महालक्ष्मी माता का सामुहिक दिव्य पूजन कर, पूजन में उपस्थित सभी लोगों को निशुल्क सिद्ध महालक्ष्मी आरोग्य यंत्र प्रदान किया जायेगा। जिससे उनके जीवन मे सुस्वास्थ्य, आनंद तथा अक्षय धन संपदा का भंडार सदैव बना रहे।



## वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने मनाया 18वां स्थापना दिवस

कोरबा। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने बालको नगर में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के 18वें स्थापना दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जिस समाज में बुजुर्गों का मान-सम्मान होता है, वही समाज तरक्की करता है। उन्होंने बुजुर्गों के प्रति आदर भाव जगाने और संस्कृति का संरक्षण करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने समिति के बुजुर्ग सदस्यों को शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने समिति के अनुभव भवन में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया और अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये विधायक निधि से देने की घोषणा की। साथ ही, उन्होंने 4 एयर कंडीशनर और 2 टीवी प्रदान करने की भी घोषणा की।

### जय सिंह को मिली चुनाव के लिए जिम्मेदारी

कोरबा। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) ने झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें झारखंड के चतरा लोकसभा क्षेत्र का ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है।चतरा लोकसभा क्षेत्र झारखंड के तीन जिलों में फैला हुआ है। AICC के जनरल सेक्रेटरी के. सी. रेणुगोपाल ने जयसिंह अग्रवाल को नियुक्ति पत्र सौंपा है। जयसिंह अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव के लिए नियुक्त ऑब्जर्वर्स की ट्रेनिंग और मीटिंग 10 सितंबर को नई दिल्ली में होगी। इसके बाद वे झारखंड प्रदेश जाकर कांग्रेस अध्यक्ष और शीर्ष नेतृत्व के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## जिला आटो संघ का चुनाव संपन्न,आजाम बनें अध्यक्ष

कोरबा । कोरबा जिले में ऑटो संघ का 3 वर्ष के कार्यकाल के चुनाव संपन्न हो गया है। इस चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार थे, जिसमें आजम खान ने जीत हासिल की है, वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए 2 दावेदार थे जिसमें पंकज तिवारी ने जीत हासिल की और सचिव पद पर एक बार फिर यशवंत कौशिक पर भरोसा जताया गया है। सह सचिव पद पर इस्लाम अंसारी ने जीत हासिल की है, वही वही जिला ऑटो संघ का कोषाध्यक्ष श्याम दास गुरुजी ने विजयी हुए हैं।



# भागवत कथा मनुष्य को भगवत बना देती है:अतुल कृष्ण

कोरबा। ठण्डु राम परिवार (कादमा वाले) के द्वारा मेहर वाटिका में आयोजित हो रही कथा के चौथे दिन रविवार को व्यासपीठ से आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज ने ज्ञान की महिमा के बारे में श्रद्धालु जनों को बताया।कथा व्यास से अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा कि मनुष्य को गृहस्थ जीवन जीने के लिए भगवान शिव के आदर्शों पर चलना चाहिए। भगवान शिव अपने विवाह के श्रृंगार से समाज को बताना चाहते हैं कि मेरे सिर पर नाग विराजमान है, जिसका तात्पर्य है कि संसार के समस्त प्राणियों के सिर पर कालरूपी नाग बैठा है, जो प्रत्येक दिन उसकी आयु को खा रहा है। भगवान शेर की खाल धारण कर यह बताना चाह रहे हैं कि मनुष्य को गृहस्थ जीवन संयमित जीवन सिंह की तरह जीना चाहिए, क्योंकि शेर अपने जीवन मैं एक नारीव्रत धारी है। लोगों ने कहा है कि विवाह में दुल्हा घोड़े पर बैठता है, परन्तु भगवान शिव नन्दी पर बैठे हैं, जिसका तात्पर्य यह है कि नन्दी धर्म का प्रतीक है और घोड़ा काम का प्रतीक है। भगवान शिव पूरे शरीर पर चिता की राख लपेटे हैं, जिसका तात्पर्य यह है कि दुनिया के सभी प्राणियों को एक दिन चिता में है जाना है।

कथाव्यास ने भगवान श्री राम एवं भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुन्दर वर्णन करते हुए कहा है कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब-तब भगवान किसी ना किसी रूप में धरती पर अवतरित होकर असुरों का नाश करते हैं, जिससे अधर्म पर धर्म की विजय होती है। भगवान को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को फ्रिज में बने फ्रिजर की तरह होना चाहिए अर्थात काम, क्रोध, मोह, लालच एवं ईर्ष्या को त्याग कर भक्ति एवं सच्चे मन की साधना से प्राप्त कर सकते हैं।







### निर्मल मन जन सो मोहि पावा, मोहि कपन छल, छिद्र न भावा।

त्रेतायुग में जब असुरों की शक्ति बढ़ने लगी, धर्म प्रायः लुप्त हो रहा था, तब माँ कौशल्या की कोख से भगवान श्री राम ने जन्म लिया। द्वापर में माँ देवकी की कोख से भगवान श्री कृष्ण के रूप में अवतार लिया। पूज्य व्यास ने कहा कि भगवान कण-कण में विराजमान हैं, सर्वत्र विद्यमान हैं। प्रेम से पुकारने पर कहीं भी प्रकट हो सकते हैं। भगवान तो निर्मल मन एवं भक्ति देखते हैं, इसीलिए कहा गया है कि हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम से प्रकट होंही मैं जानाभगवान श्री कृष्ण के जन्म पर कथा व्यास ने सुन्दर भजननंद लाला प्रकट भयो आज, बृज में लड्डुआ बटत है,कौन पुण्य देवकी ने किन्हों की गोद में झूले नंदलाल, बृज में लड्डुआ बटत है को सुनकर भवन में उपस्थित हजारों श्रोता झूम उठे। भवन का दृश्य ऐसा दिखाई पड़ रहा था, जैसे साक्षात भगवान प्रकट हुए हैं। कथा व्यास ने धर्म और सम्प्रदाय में अन्तर को समझाते हुए बताया कि धर्म व्यक्ति को अन्दर से एकजुटता का भाव पैदा कराता है, वहीं सम्प्रदाय व्यक्ति को बाहर रूप में एक बनाता है।धर्म और सम्प्रदाय की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा है कि एक पुस्तक, एक पूजा स्थल, एक पैगम्बर, एक पूजा पद्धति मनुष्य को सीमित व संकुचित बनाती है, जबकि ईश्वर को विभिन्न रूपों में विभिन्न माध्यमों से स्मरण करना, दर्शन करना मात्र सनातन धर्म सिखाता है। आज मेरे देश की संस्कृति, सभ्यता, खान-पान इत्यादि पर पाश्चात्य संस्कृति का असर दिखाई पड रहा है। कथा व्यास ने माता और बहनों से आग्रह किया कि गर्भवती माताओं का चिन्तन-मनन, खान-पान, पठन-पाठन, रहन-सहन होने वाले बच्चे पर अत्यन्त प्रभाव डालते हैं इसीलिए गर्भावस्था के समय माताओं को भगवत भजन का स्मरण करने के साथ सात्विक भोजन एवं आध्यात्मिक चिन्तन-मनन करना चाहिए।

### सांसद, महापौर ने भी लिया आशीर्वाद

आज की कथा में कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्स्ना चरणदास महंत ने पहुंचकर कथा श्रवण करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया। सांसद ने व्यासपीठ व आचार्य अतुल कृष्ण से आशीर्वाद लिया। कथा आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भागवत कथा का आयोजन होते रहना चाहिए जिससे हमें अपने सनातन धर्म के बारे में जानने-समझने के साथ-साथ भगवत प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। सांसद के साथ महापौर राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, निगम सभापति श्याम सुंदर सोनी, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, श्रीमती ऊषा तिवारी, कांग्रेस कमेटी शहर जिलाध्यक्ष श्रीमती सपना चौहान, पार्षद संतोष राठौर, पोषक दास महंत, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, भाजपा नेता गोपाल मोदी ने भी आचार्य का आशीर्वाद लेकर कथा श्रवण किया।

# शस्त्र लाइसेंसों का नवीनीकरण समय पर नहीं होने लोगों में नाराजगी

## किसी बड़े वारदात का डर सताने लगा है व्यापारी वर्ग को

सीताराम नायक

**जांजगीर चांपा।** अपनी आत्मरक्षा के लिए शस्त्र रखने वाले राजनेताओं, व्यापारियों तथा पूंजीपतियो का शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण समय पर नहीं होने से लोगों को किसी अनहोनी का डर सताने लगा है। जिसके अभाव में लोग आत्मरक्षा के लिए भी शास्त्र का उपयोग नहीं कर सकते ऐसे में किसी बड़ी घटना की अंदेशा से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस संबंध में अवगत हो कि जांजगीर चांपा जिले में लगभग 100 से अधिक ऐसे शास्त्रधारी लोग हैं जिनके बंदूक एवं रिवाल्वर आदि शास्त्र के लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाना बाकी है उक्त लोगों द्वारा कई महीनो से लाइसेंस नवीनी कारण के लिए जिला प्रशासन के पास जमा किया हुआ है ताकि समय पर उक्त शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण किया जा सके परंतु,सक्षम अधिकारी उक्त कार्य में जानबूझकर लेट लतीफ कर रहे हैं, और विगत 6 महीने से लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कर रहे हैं। ऐसे में शास्त्रधारी अपने लाइसेंस के अभाव में आत्मरक्षा के लिए भी अपने अस्त्र-शस्त्र का उपयोग नहीं कर सकते।

ज्ञात हो कि जब-जब लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव आता है तब तब सभी बंदूक एवं शास्त्रधारी अपने हथियार को समीप के थानों में जमा कर देते हैं और चुनाव निपटने के लंबे समय बाद उन्हें वापस मिल पाता है । परंतु वर्तमान में लाइसेंस नवीनीकरण का कार्य लंबे समय से अटका पड़ा है जिसके अभाव में विशेष कर व्यापारी वर्ग खुद को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं ।

सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि राजनैतिक क्षेत्र में रहने वाले लोग जहां पल-पल खुद को खतरा महसूस करते हैं तो वही सोने चांदी के व्यवसाय तथा कपड़ा, कोयला, कारोबार करने वाले लोगों को भी समय-समय पर जान का खतरा बना रहता है जो आत्मरक्षा की दृष्टि से अपने पास हथियार रखते हैं। लेकिन लाइसेंस नवीनीकरण का कार्य समय पर नहीं होने के कारण वह अब असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। कभी-कभी समाचार पत्रों में पढ़ने तथा टीवी में लटपाट की खबरें दिखने को मिलती रहती है कि हथियार बंद अपराधी वर्ग के लोग सोने चांदी के व्यवसाय करने वाले लोगों को अपना निशाना बना लेते हैं जिनके पास आत्मरक्षा की कोई वस्तुएं नहीं होने के कारण वे सरलता से लूट के शिकार हो जाते हैं। दशहरा,दीपावली के त्यौहार को कुछ दिन ही बाकी है जिसमें व्यवसाय करने के लिए सोने चांदी तथा कपड़ा के व्यापारियों को राजधानी एवं अन्य बड़े शहरों से सोने चांदी के जेवरों का खरीदी बिक्री करनी पड़ती है तथा जिन्हें थोक मात्रा में सोने चांदी लाने ले जाने पड़ते हैं वहीं बड़ी रकम लाना ले जाना होता है ऐसी स्थिति में जिन लोगों के पास शस्त्र है वे भी लायसेंस के अभाव मे यात्रा के दौरान शस्त्र अपने पास नहीं रख सकते। ऐसे मौके पर व्यापारियों को आत्मरक्षा के लिए शस्त्र रखना अनिवार्य हो जाता हैं। जिन लोगों का शास्त्र लायसेंस नवीनीकरण नहीं हुआ है वे पूरी तरह से असुरक्षित महसूस करने लगते हैं तथा जिन्हें जान का डर सता सताने लगता है। इसलिए शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण का कार्य समय पर निपटा दिया जाना चाहिए,ताकि किसी बड़ी घटना से व्यापारी वर्ग बच सके।

बताया जाता है कि शस्त्र लाइसेंस के नवीनीकरण का फाइल संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत कर दिया गया है जो तमाम बिंदुओं की जांच पड़ताल करने के बाद अंतिम हस्ताक्षर हेतु सक्षम अधिकारी के पास प्रस्तुत कर दिया गया है लेकिन संबंधित लोगों से स्वार्थ सिद्धि की चाहत में उक्त कार्य को समय पर नहीं किया जा रहा है जो काम की अधिकता एवं शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर उतारने का बहाना बना कर सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है। क्योंकि मामला सुरक्षा का है और जान माल का है इसलिए समय पर शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि किसी अप्रिय घटना से बची जा सके। यह कार्य कोई राशन कार्ड बांटने जैसा नहीं है, सब लोगों को हथियार का लायसेंस नहीं दिया जा सकता। परीक्षण उपरांत फाइलों का निपटारा किया जाएगा।

आकाश छिकारा
कलेक्टर जिला जांजगीर चांपा

## कावरे ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण



**सक्ती।** बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे ने रायगढ़ प्रवास के दौरान बाराद्वार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त महादेव कावरे द्वारा स्कूल के कक्षाओं में चल रहे पढ़ाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा अध्ययनरत छात्राओं से पढ़ाए जाने वाले विषय, पढ़ाई की गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली गई तथा उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं को बच्चों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त द्वारा लैब रूम और प्रैक्टिकल कक्ष में रखे गए उपकरणों का नाम भी उसके सामने लिखे जाने के निर्देश दिए गए ताकि बच्चों को उपकरणों के बारे में व्यवस्थित रूप से जानकारी मिल सके। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त श्री कावरे द्वारा विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं से प्रश्न भी पूछा गया जिस पर बच्चों द्वारा सही जवाब दिए जाने पर उन्होंने बच्चों को पुरस्कृत भी किया। इसके साथ ही संभागायुक्त ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान एसडीएम सक्ती अरूण सोम, जिला सांख्यिकी अधिकारी राकेश अग्रवाल, प्राचार्य दाताराम कातले सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं आदि उपस्थित थे।



## शक्ति केन्द्र प्रभारियों को ज्यादा सदस्या बनाने का लक्ष्य

**जांजगीर।** भारतीय जनता पार्टी जांजगीर नैला नगर मंडल सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केन्द्र प्रभारियों की बैठक रखी गई। मंडल के अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी ने बताया कि मंडल में छह शक्ति केन्द्र है, जिसके अलग अलग प्रभारी पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान के विस्तार के लिए बनाए गए हैं। नगर में 31 बूथ है। एक प्रभारी के अंदर पांच से छह बूथ होंगे। सभी प्रभारी अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बूथ पर जाएंगे और वहां की बूथ की टीम के साथ बैठक कर उनको भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार सदस्यता अभियान के माध्यम से लोगों को भारतीय जनता पार्टी से जोड़ने का आग्रह करेंगे।

## अवैध महुआ शराब बनाने व बेचने के मामले में की कार्रवाई



**जांजगीर चम्पा।** विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर चम्पा द्वारा अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में थाना चांपा पुलिस द्वारा दिनांक 08.09.2024 को रेड कार्यवाही किया गया, जिसमे महिला आरोपीया समुंदा बाई कश्यप निवासी वार्ड नं 09 गायत्री मंदिर के पास चांपा थाना चम्पा के कब्जे से 11 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला किमती 1100/रू को गवाहों के समक्ष बरामद किया जाकर महिला आरोपीया के विरूद्ध थाना चांपा में अपराध धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किया जाकर विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 08.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक डा. नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा, महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जसवाल प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर आरक्षक डिकेश्वर साहू, माखन साहू, एवम थाना स्टाफ का सराहनिय योगदान रहा।

## आकाशीय बिजली ने चरवाहे की जान ली



**पंतोरा।** ग्राम पंचायत पंतोरा में बिजली गिरने से मवेशी चराते हुए शिवलाल सारथी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर 2 के आस पास हुई। रविवार को शिवलाल ग्रामीणों के मवेशी को चरा रहे थे। इसी दौरान मौसम बदला और असमान में बिजली चमकने लगी। कुछ ही देर में बारिश शुरू हो गई। इसी दौरान गाज गिरी और शिवलाल उसके चपेट में आ गए। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

## चार लोगों की मौत के मामले में सूदखोरों की भूमिका हो तलाश

**जांजगीर।** रविवार को पंचराम और उनके परिवार को श्रद्धांजलि देने पहुंचे विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि छोटे से ऋण के कारण पंचराम और उसका परिवार क्यों आत्महत्या करेगा।

ये दु:खद घटना दर्शाती है कि पंचराम और उसका परिवार किस हद तक प्रताड़ित होगा। लोगों से मुझे जानकारी मिली है कि यहां सूदखोरों का जाल बिछा है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग हुई है। इसकी जांच कराई जाएगी और नाम सामने आने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैनें अभी तक यह नहीं देखा कि पुलिस की जांच कहां तक पहुंची। पर उस पर हम नजर रखेंगे और जो भी दोषी सामने आएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह अत्यंत दुखद घटना है। इसे रोकने के प्रयास किए जाएंगे।

बोंगापारा स्थित मकान पर पहुंचकर दी श्रद्धांजलि डॉ. चरणदास महंत शोक संतप्त परिवार को श्रद्धांजलि देने उनके बोंगापार स्थित आवास पर



पहुंचे और उनके परिवार के सदस्यों को सात्वनां दी। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार , नपा अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, दिनेश शर्मा, गुलजार सिंह, मदनलाल अग्रवाल, प्रिंस शर्मा, राजेश अग्रवाल, विवेक सिसोदिया , रफीक सिद्दिकी सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झपटमारी करने वाले 02 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

**चांपा।** प्रार्थी बसंत यादव निवासी ग्राम तरौद स्थित देशी शराब दुकान के चखना दुकान में काम करता है जो घटना दिनांक समय को दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर उनमें से एक व्यक्ति द्वारा चखना दुकान के गल्ले में हाथ से झपट्टा मारकर नगदी रकम करीबन 15,000/ रूपये को निकाल लिया और पैसे को लेकर वे दोनो अज्ञात व्यक्ति अपने कार वाहन मारूती बलेनो नीला कलर से भाग गये की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपीयो के विरुद्ध अपराध क्रमांक अप. क्र. 418/2024 धारा- 296, 304(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

झपटमारी की घटना को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में अकलतरा पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपीयो की पतासाजी की जा रही थी इसी क्रम में घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी का अवलोकन एवं साक्ष्यों के अनुसार दोनो अज्ञात आरोपीयो की पहचान अमन शर्मा एवं आनंद सिंह दोनो निवासी ग्राम अमोरा थाना मुलमुला का होने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल एवं



SDOP जांजगीर प्रदीप सोरी के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठीत कर आरोपी अमन शर्मा एवं आनंद सिंह को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके व कडाई से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकर करते अपने अपने मेमोरेण्डम कथन मे दिनांक घटना समय को ग्राम तरौद स्थित देशी शराब दुकान के चखना दुकान से 15,000 रूपए झपट्टा मारकर ले जाना अपना जुर्म स्वीकार करने पर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 08.09.2024 को रिमांड पर भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना अकलतरा प्रभारी निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, म.प्र.आर. अनिता पाटले, आरक्षक शेषनारायण साहू, सैनिक गजेन्द्र पाटले का योगदान रहा।

## झाड़ियों में महिला की क्षत-विक्षत मिली लाश

**बिलासपुर।** बिलासपुर में खारंग नदी के किनारे झाड़ियों में एक महिला का क्षत-विक्षत शव मिला है। पास में ही कपड़े और बर्तनों से भरी एक पोटली भी मिली है। महिला का शव 15 से 20 दिन पुराना है। पुलिस को आशंका है कि, महिला का शव नदी में बहकर आया होगा। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है। घटना सरकंडा थाने के मोपका चौकी क्षेत्र की है।

चौकी प्रभारी रामेश्वर यादव ने बताया कि, रविवार की दोपहर चिल्हाटी के पास खारंग नदी के किनारे आसपास के लोगों को झाड़ियों से बदबू आई, तब उन्होंने पास जाकर देखा तो पता चला कि एक क्षत-विक्षत लाश पड़ी है। उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

## ऐसी जगह जाएं जहां सम्मान मिले: पं. अवनीश

**अकलतरा।** नगर के जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह आयोजित है। कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान वृंदावन धाम से आए हुए कथावाचक पंडित अवनीश तिवारी ने कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण के जाने से पहले इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे हैं आपके मित्र या गुरुओं का अपमान ना हो, यदि इस बात की आशंका हो तो उसे स्थान पर नहीं जाना चाहिए।

चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही घर क्यों ना हो, कुंती स्तुति का महत्व बताते हुए आचार्य सिद्धांत जी महाराज ने कहा कि माता कुंती ने निस्वार्थ भाव से भगवान कृष्ण की सेवा की, लेकिन भगवान से कुछ नहीं मांगा। जीवन का लक्ष्य परिवार की एकता और प्रेम होना चाहिए। वह नहीं होगा तो परिवार आगे नहीं बढ़ने के साथ-साथ परिवार का विकास अवरुद्ध हो जाएगा, जिस परिवार में एकता एवं प्रेम होता है। वहां सदैव लक्ष्मी का वास होने के साथ परिवार सदैव ख्याति को प्राप्त करता है।

ध्रुव चरित्र कथा का वर्णन करते हुए



आचार्य सिद्धांत महाराज ने कहा कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने के बाद भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया, जिससे परिवार में एक बहुत बड़ा संकट टल गया। भक्त प्रहलाद की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने कहा कि पिता अगर कुमार्ग पर चले तो पुत्र का कर्तव्य है। उसे सही मार्ग पर लगे विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रह्लाद ने भक्ति का मार्ग नहीं छोड़ा।

भगवान ने नरसिंह रूप में अवतार लेकर हिरण कश्यप का वध कर अपने परमधाम को पहुंचा। कार्यक्रम में नारायण चंदेल, रवि पांडेय, नरेंद्र साहू, रोहिय सारथी, शिव शर्मा, मनोज मिश्रा, विवेका गोपाल, प्रभात बगड़िया विजय केडिया, राजकुमार खंडेलिया, राजकुमार गुप्ता, राजू राठी, प्रशांत शर्मा , विष्णु भोजासिया, आशीष खंडेलिया, लखन लाल सिंघानिया, डॉ ओम प्रकाश सिंघानिया, रमेश सिंघानिया व नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## साक्षरता का स्तर बढ़ने से हर तरफ विकास के संभावनाएं तेज होगी



**अकलतरा।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन रेनफोर्स एजुकेशन कोचिंग सेंटर में किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के पूर्व प्राचार्य केडी वैष्णव ने कहा कि लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है।

7 नवंबर 1965 को यूनेस्को ने इसे मनाने का निर्णय लिया। 8 सितंबर 1966 को पहली बार इसे मनाया गया। देश के विकास के लिए अधिक से अधिक लोगों का साक्षर होना जरूरी है। साक्षरता देश की उन्नति एवं विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती है। स्कूल के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा ने कहा कि जीवन में साक्षरता आवश्यक होती है। साक्षरता के बिना जीवन जीना मुश्किल होने के साथ व्यक्ति और राष्ट्र की उन्नति नहीं हो सकती । संचालक अंकित सिंह सिसोदिया ने कहा कि साक्षरता दिवस बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देने, आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता थीम के तहत विश्व भर में मनाया जा रहा है। दुनिया में सबसे अधिक साक्षरता दर वाला देश फिनलैंड है जिसकी साक्षरता दर 100 प्रतिशत है, भारत में साक्षरता को बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष आने का आयोजन कर साक्षरता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर सुधीर चौहान, आकांक्षा सिंह, अंजू सिहानी, सीमा सिंह, राहुल सिंह , राज कुमार सिंह, अमित कुमार यादव, यशराज सिंह, कल्याणी सिंह, रुचि धिरही, शैलजा राठौर, कंचन प्रजापति,नरेश निर्मलकर, आदित्य सिंह, प्रणत सिंह, नरेश यादव, खुशी अग्रवाल, अथर्व सिसोदिया, प्रगति सिंह बैस एवं नगर वासी मौजूद रहे।



## प्रधानपाठक परमेश्वर को मिला उत्कृष्ट प्रधान पाठक का सम्मान

**बाराद्वार।** 7 बाराद्वार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरहर के प्रधानपाठक परमेश्वर कुमार राठौर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सेजेस जांजगीर में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण वर्ष 2024 का आयोजन किया गया था, जिसके मुख्य अतिथि जांजगीर कलेक्टर आकाश छिकारा थे। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरहर के प्रधान पाठक परमेश्वर कुमार राठौर को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने एवं छात्र-छात्राओं के साथ समाज को भी शिक्षित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिए जाने पर उन्हें कलेक्टर जांजगीर आकाश छिकारा और अन्य अतिथियों द्वारा श्रीफल और प्रशस्ति पत्र देते हुए उत्कृष्ट प्रधान पाठक पुरस्कार से सम्मानित किया।

## छत्तीसगढ़ में कचरे से बनेगा मीथेन गैस,बिलासपुर में लगेगा प्लांट

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में गीले कचरे से मीथेन गैस तैयार करने प्लांट लगाने के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। भारत पेट्रोलियम रायपुर और भिलाई निगम एरिया से निकलने वाले गीले कचरे की मात्रा और उससे कंप्रेस्ड बायो गैस (सीपीजी) निकालने के लिए डिटेल फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर रहा है। जिसके बाद प्लांट लगाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल डेवलपमेंट अथॉरिटी के सहायक परियोजना अधिकारी लव त्यागी ने 'दैनिक भास्कर' को बताया कि, भारत पेट्रोलियम बिलासपुर में गीले कचरे से गैस तैयार करने का प्लांट ट्रेंचिंग ग्राउंड कछार में लगाने के लिए एमओयू जल्द करेगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

**बीपीसीएल ने बिलासपुर में प्लांट लगाने विजिट किया**

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि, बीपीसीएल गीले कचरे से सीपीजी गैस तैयार करने का प्लांट लगाने के लिए इच्छुक है। इसके लिए नगर निगम को



कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा और प्लांट का सारा व्यय भार कंपनी अपने सीएसआर मद से उठाएगी।

उन्होंने बताया कि प्लांट लगाने के लिए निगम के ट्रेंचिंग ग्राउंड कछार में बीपीसीएल को जगह उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए कंपनी के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर लिया है।

**35 लाख महीने की बचत का दावा**

सालिड वेस्ट मैनेजमेंट के नोडल अधिकारी अनुपम तिवारी का दावा है कि 100 टन गीले कचरे से 60 फीसदी मीथेन गैस तैयार की जा सकेगी। इसका उपयोग डोर टू डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहनों के संचालन में किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि कचरा गाड़ियों में अभी प्रति माह 35 लाख रुपए का डीजल, पेट्रोल खर्च हो रहा है, जिसकी बचत होगी। वर्तमान में बिलासपुर शहर में रामकी द्वारा कचरा इकट्?ठा करने के लिए 73 टिपर और 9 कांपेक्टर मशीन का इस्तेमाल किया जाता है।

**बिलासपुर से हर माह 245 टन कचरा निकल रहा**

बीपीसीएल को कंप्रेस्ड बायो गैस तैयार करने के लिए प्रति दिन न्यूनतम 100 टन गीले कचरे की जरूरत होगी। जबकि शहर में प्रति दिन रामकी द्वारा पुराने नगर निगम एरिया से 200 टन और पंचायत क्षेत्रों के एसएलआरएम सेंटर से 45 टन कचरा इकट्ठा किया जा रहा है। जाहिर है कि गैस तैयार करने के लिए गीले कचरे की कमी नहीं रहेगी।

जानिए कहां कहां लगेगा कचरे से गैस बनाने का प्लांट

प्रस्तावित स्थान- रायपुर बीरगांव इंडस्ट्रियल एरिया

भिलाई जामुल के पास

बिलासपुर ट्रेंचिंग ग्राउंड कछार।

## झरना में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 128 मरीजों का परीक्षण किया



**बाराद्वार।** झरना के शासकीय आयुर्वेद औषधालय द्वारा जन स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान गांव के लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए आयुर्वेद के प्रति जागरूक कर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के उपाय बताए गए। झरना में आयोजित शिविर में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. सोनू कबूलपुरिया और अस्पताल स्टाफ द्वारा ग्रामीणों को मौसमी बीमारी के बारे में बताया गया और उनके उपचार व बचने के उपाय के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा विस्तृत में जानकारी देते हुए रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक योग प्रणायाम, आयुष काढ़ा, खान पान पर विशेष ध्यान रखने सहित विभिन्न आयुर्वेदिक उपायों के बारे में बताया। झरना में आयोजित शिविर में गांव के 80 वृद्ध ग्रामीणों सहित 128 मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधि बांटी गई और 52 मरीजों को काढ़ा पैकेट बांटा गया।

## धर्म ध्वजा फहराकर हुई दशलक्षण पर्व की शुरुआत

**देवरी।** रविवार से पर्युषण पर्व की शुरुआत हो गई है। जैन समाज के लोगों ने सुबह चैत्यालय पहुंचकर धर्म ध्वजा फहराई। विधि विधान के साथ गुरु,शास्त्र पूजन कर मंदिर विधि की। पं. सौरभ शास्त्री ने पर्युषण पर्व के विषय प्रकाश डालते हुए बताया कि उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, सत्य संयम तप त्याग आकिंचन और ब्रह्मचर्य ये दश धर्म अक्षय अविनाशी है।

## अनमोल वचन......

आत्मविश्वास कई प्रकार का होता है, धन का, बल का, ज्ञान का लेकिन मूर्खता का आत्मविश्वास सर्वोपरि होता है।

## पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता

दो राज्यों में आए चुनाव नतीजों को जर्मनी में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के लिए मजबूत संकेत समझा गया है। इस तरह फ्रांस के बाद अब जर्मनी में भी पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता नजर आ रहा है। जर्मनी के दो बड़े राज्यों में आए चुनाव नतीजों के उठे झटके पूरे यूरोप तक गए हैं। दोनों राज्यों में राष्ट्रीय सत्ताधारी गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की बुरी हार हुई है, जबकि एक राज्य- थुरंगिया में धुर-दक्षिणपंथी पार्टी ऑल्टरनेटिव फॉर डॉयूशलैंड (एएफडी) पहले नंबर पर आ गई है। दूसरे राज्य सैक्सोनी में भी ये पार्टी पहले नंबर पर रही क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक पार्टी से सिर्फ लगभग डेढ़ प्रतिशत वोटों से पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर रही। अन्य महत्त्वपूर्ण रुझान नई बनी वामपंथी पार्टी बीएसडब्लू का दोनों राज्यों में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन जाना है। बीएसडब्लू ने पारंपरिक वामपंथी पार्टियों- सोशल डेमोक्रेट्स और डाइ लिंके को हाशिये पर धकेल दिया है। 22 सितंबर को जर्मनी के एक अन्य राज्य में चुनाव होने वाला है। जनमत सर्वेक्षणों के मुताबिक वहां भी इन्हीं दोनों राज्यों जैसा नतीजा रहने का अनुमान है। इन रुझानों को जर्मनी में अगले साल होने वाले राष्ट्रीय चुनाव के लिए मजबूत संकेत समझा जा रहा है। इस तरह फ्रांस के बाद अब जर्मनी में भी पारंपरिक दलों का वर्चस्व टूटता नजर आ रहा है। जर्मनी यूरोप में सबसे बड़ी आबादी वाला देश है और यह वहां की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी है। स्वाभाविक रूप से जर्मनी से मिले संकेतों से पूरे यूरोप में हलचल मचेगी। कॉरपोरेट एवं वित्तीय क्षेत्र के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ऐसी दो पार्टियां तेजी से उभर रही हैं, जो साढ़े तीन दशक से जारी नीतिगत आम सहमति को चुनौती देती रही हैं। ये दोनों पार्टियां यूक्रेन युद्ध के लिए अमेरिका को जिम्मेदार मानती हैं और रूस से निकट संबंध बनाने की पैरोकार हैं। उन्हें मिली सफलता को जर्मनी में तेजी से फैली युद्ध विरोधी भावना के इजहार के रूप में देखा गया है। समझा जाता है कि यूक्रेन युद्ध के बाद से जर्मनी में जारी ऊर्जा एवं औद्योगिक संकटों से परेशान मतदाताओं ने सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दलों को इन चुनावों में दंडित किया है। साथ ही दोनों उभरी पार्टियां आव्रजन विरोधी हैं, हालांकि ऐसा करने के उनके तर्क अलग-अलग हैं। उनके इस रुख का भी व्यापक असर हुआ दिखता है।

## राशिफल

मेष राशिःआज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन बेहतरीन रहेगा। सामाजिक और पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान भी मिलेगा। घर में किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के आने से किसी खास मुद्दे पर सकारात्मक विचार विमर्श भी होगा। आज अपनी योजनाओं और गतिविधियों को सीक्रेट रखें।

वृष राशिःआज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यावसायिक कार्यप्रणाली में किसी भी तरह की बेहतरी की उम्मीद ना करें। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने और आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

मिथुन राशिःआज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगायेंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती हैं। इसमें अपने गुस्से व आक्रोश पर काबू रखना जरूरी है। आज जीवनसाथी और पारिवारिक सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहेगा। और आपसी संबंध भी सौहार्दपूर्ण बने रहेंगे।

कर्क राशिःआज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। आपके व्यक्तिगत काम भी आज काफी हद तक सुचारू रूप से पूरे हो जाएंगे। आज कोई समस्या होने पर आपको मित्रों द्वारा उचित मदद भी मिलेगी।

सिंह राशिःआज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलना-मिलना आपको नुकसान दे सकता है। आज अपनी कोई भी खास बात किसी से भी शेयर ना करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में कुछ तनाव आ सकता है।

कन्या राशिःआज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है। किसी भी योजना को क्रियान्वित करने से पहले घर के सदस्यों की सलाह भी जरूर ले। लेनदेन के मामलों को लेकर आपसे कोई गलती हो सकती है।

तुला राशिःआज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनायेंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती हावी रहेगी। जिसका असर आपकी कार्यप्रणाली पर पड़ सकता है। सकारात्मक बने रहने के लिए अच्छे साहित्य और पारिवारिक लोगों के संपर्क में रहेंगे तो बढ़िया रहेगा। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा।

वृश्चिक राशिःआज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे। इससे आपको मानसिक मिलेगा। आज दिन का अधिकतर समय पारिवारिक लोगों के साथ बीतेगा, सभी लोग खुशी महसूस करेंगे।आज आपको जीवनसाथी से खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आय के नये स्त्रोत बनेंगे।

धनु राशिःआज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित जानकारी हासिल करने से ज्यादा सफलता मिलेगी। आप अपनी प्रतिभा को पहचाने और पूरी ऊर्जा के साथ अपनी दिनचर्या व कार्यप्रणाली को व्यवस्थित रखेंगे।

मकर राशिःआज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। आज जीवनसाथी के साथ खट्टी-मीठी नोकझोंक रहेगी। जिसकी वजह से संबंधों में और अधिक नजदीकियां बढ़ेंगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी।

कुंभ राशिःआज आपका दिन कांफिडेंस से भरा रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। आज राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े मित्र की पावर आपके लिए कारगर साबित होगी। उसके साथ लाभदायक बिंदुओं पर विचार-विमर्श भी रहेगा। सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग करना आपका मान-सम्मान बढ़ाएगा।

मीन राशिःआज आपका दिन ख़ास से रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियां बढ़ेगी। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमियां सुलझ जाएंगी। धर्म और अध्यात्म के प्रति बढ़ता हुआ आपका विश्वास आपको शांति और मानसिक सुख देगा। किसी खास मुद्दे पर चर्चा भी रहेगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी।

# उत्तराखण्ड में हो रहे सांप्रदायिक अपराध और उसका निराकरण

//प्रवीण गुगनानी //

**इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। श्यामपुर उत्तराखण्ड का एक सुंदर सा गाँव हैं। वहाँ सभी लोग सुख-शांति से अपना जीवन यापन कर रहे होते हैं। अचानक वहां गाँव के किनारे पर एक फ़क़ीर आकर मिट्टी का एक ढेर बनाता है उस पर चादर डालता है और फिर उसके बग़ल में एक झोपड़ी बनाकर रहने लग जाता है। अब श्यामपुर के लोग आते जाते लोगों को वह फ़क़ीर या मज़ार का ख़ादिम बहलाता-फुसलाता है और लोग वहाँ माथा टेकने लगते हैं। लोगों की श्रद्धा को बढ़वाकर वह ख़ादिम दूसरे चरण में भोले-भाले ग्रामीणों से कहता है कि वे अपने खेत में ही एक छोटे से कोने कहीं मज़ार बना देंगे तो वह आकर उस मज़ार पर नमाज़ पढ़कर उसे भी सिद्ध बना देगा।**

ख़ादिम के बहकावे में आकर वह ग्रामीण ऐसा ही करता है और अपने खेत में मज़ार बनाकर वहाँ प्रतिदिन दिया-बत्ती करने लग जाता है। लोगों का आना जाना बढ़ता है तो वहाँ एक दानपेटी रख दी जाती है। अब ख़ादिम हर सप्ताह आकर उस दानपेटी से राशि निकालकर ले जाता है। शनैः-शनैः वह ख़ादिम, उसी ग्रामीण के पैसों से मज़ार पर टिन डलवा देता है उसे पक्का निर्माण करवा देता है। इधर मज़ार पर लोगों का आना-जाना बढ़ता है उधर गाँव में कुछ और मुस्लिम परिवार आकर बसने लगते हैं और मज़ारें भी बढ़ने लगती है। अचानक गाँव में लव जिहाद की घटनाएँ बढ़ने लगती हैं। गाँव की लड़कियों मुस्लिम लड़कों के झाँसे में आकर अपना सर्वस्व उन्हें सौंपने लगती है। अब गाँव में कभी गर्भस्थ होने से, कभी इज्जत के डर से, कभी मज़ार के ख़ादिम के नाराज़ होने के डर से तो कभी बाहुबल के सहारे हिंदू लड़कियां मुस्लिम लड़कों से निकाह करने लगती हैं। कभी-कभी तो इस कार्य में हिंदू लड़कियों के परिवार भी दबाव में आकर सहमति देने लगते हैं।

इस प्रकार की घटनाओं के बढ़ते जाने पर उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी की सरकार इन घटनाओं का संज्ञान लेती है और स्थिति को समझती है। बात बहुत आगे बढ़ चुकी होती है किंतु पुष्कर सिंह इसे अपनी तेज कार्य योजना से रोकने का प्रयास कर रहे हैं। उत्तराखण्ड सरकार का बुलडोज़र चलने लगता है और ऐसी सैकड़ों नक़ली मज़ारों पर बुलडोज़र चलाकर मज़ारों को ध्वस्त करके मज़ार के आसपास क़ब्ज़ा की गई सैंकड़ों-हज़ारों एकड़ ज़मीन को भी इन ख़ादिमों से मुक्त कराता है।

अब शासन-प्रशासन के देखने में यह भी आता है कि शासकीय ही नहीं बल्कि निजी ज़मीन पर भी ये दिखावटी और अपराधी प्रकार के ख़ादिम मज़ारों के सहारे क़ब्ज़ा किए बैठे होते हैं। इन ज़मीनों के हिंदू जनजातीय स्वामी इन अपराधी ख़ादिमों के बहकावे में आकर, जिन्न-जिन्नात के प्रकोप के भय से अपनी ज़मीनें, पैसा, लड़कियां सब कुछ इन अपराधी ख़ादिमों को दे रहे होते हैं। पिछले दिनों देहरादून के समीप पछुवा नामक ग्राम में ऐसे दो प्रकरण देखने में आए थे, जब अवैध मजार को हटाने गये प्रशासन को हिंदू समाज के जनजातीय और अनुसूचित जाति के लोगों ने रोकने का प्रयास किया। इन भोले-भाले हिंदू ग्रामीणों का कहना था कि ये मज़ारें तो उन्होंने स्वयं अपनी मन्नत पूर्ण होने पर बनवाई है। प्रशासन जब मामले की गहराई में गया तो ग्रामीणों ने बताया कि - उनको किसी कष्ट के निवारण के लिए ख़ादिम ने मजार पर बुलाया तो वे गये थे। इसके बाद वहाँ के ख़ादिम ने उन्हें बहला-फुसलाकर मन्नत करवा ली और उनसे कहा कि आप की इच्छा पूरे होने पर चादर चढ़ाना और अपनी जमीन पर बाबा का मजार बनवा देना फिर आपको इतनी दूर यहाँ आने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी और मज़ार के कारण आपका खेत भी दोगुनी उपज देने लगेगा। कहीं-कहीं तो इन अपराधी ख़ादिमों ने भोले-भाले ग्रामीणों से उनके मंदिरों को ही मज़ार में बदल देने और पूजा पद्धति को बदलने हेतु भयभीत करके तैयार करवा लिया था। कई स्थानों पर निजी ज़मीनों पर बनी इन मज़ारों के पास अन्य मुस्लिम परिवार मित्र बनकर बस जाते और इसके बाद सभी प्रकार के अपराध वहाँ होने लगते। भोले भाले जनजातीय और अनुसूचित जाति के हिंदू ग्रामीण अपनी ज़मीन और लड़कियों को अपने हाथों से छूटते हुए देखते और हाथ मलते ही रह जाते थे।

उत्तराखण्ड की पुलिस ने जब इन मज़ारों की जाँच की तो इसके पीछे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की बात सामने आई। यह गिरोह बेरोज़गार मुस्लिमों को ख़ादिमों के कपड़े पहनवाकर, थोड़ा-बहुत बोलने और झाड़ने फूंकने का प्रपंच सिखाकर लैंड जिहाद व लव जिहाद हेतु तैयार करवाकर इस प्रकार की घटनाएँ करवाता था और बड़ी मात्रा में आस्था के नाम पर लोगों से पैसा भी निकलवा लेता था। बड़ी संख्या में इन मज़ारों पर हिंदू बंधु जाने लगते और धन, संपत्ति, ज़ेवर, खाद्यान्न, फल आदि चढ़ाने लगते। इस चढ़ावे से फलते-फूलते वहाँ के ख़ादिम अपनी मज़ार की दूसरी-तीसरी-चौथी ब्रांच खोलते जाते थे। कालू शाह, भूरे शाह, बुल्ले शाह और न जाने कौन-कौन से शाहों के नाम पर पर ये मज़ारें बनाई जाती और कमाई होने पर यहाँ के अपराधी ख़ादिम बग़ल के गाँव में जाकर अपनी फ़्रेंचायजी जैसी एक और मज़ार बनवा लेते थे।उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह सरकार पर आरोप लग रहें है कि वह दुराग्रह पूर्वक मज़ारों पर बुलडोज़र चला रही है, किंतु सच्चाई कुछ और ही है। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के 20 जून 2009 के निर्णय के अनुसार कोई भी धार्मिक स्थल का निर्माण, पुनर्निर्माण या जीर्णोद्धार बिना जिला कलेक्टर की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है। भूमि के दस्तावेज की प्रति के साथ कलेक्टर को आवेदन देकर और अनुमति लेकर ही यह कार्य किया जा सकता है। पुष्कर सिंह धामी ने इसी न्यायलीन आदेश का पालन करते हुए तीन सौ से अधिक अवैध मज़ारों को ध्वस्त किया है। ऐसे पचासों मंदिरों को और एक गुरुद्वारे को भी धामी सरकार ने तोड़ दिया है और शासन की पाँच हज़ार एकड़ ज़मीन को 'लैंड जिहाद' से मुक्त कराया है। उत्तराखण्ड राज्य सरकार ने मई 2023 तक कुल मिलाकर 3,793 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जहां मज़ारों के माध्यम से लैंड जिहाद किया गया है। नैनीताल आश्चर्यजनक रूप से इस कुचक्र का शीर्ष है जहां चौदह सौ तैतीस स्थान और हरिद्वार भी जहां साढ़े ग्यारह सौ स्थानों पर अतिक्रमण करके मज़ारों के सहारे क़ब्ज़े किए गए थे। और भी ज़िलों में यह कहानी बड़े स्तर पर सामने आई है। उत्तराखण्ड में ऐसे अवैध ढाँचों के सहारे लगभग बारह हज़ार हेक्टेयर भूमि अब भी इन कथित ख़ादिमों के पास है, जिसे मुक्त कराया जाना है।विशेष बात यह है कि उत्तराखंड में इस अभियान को सांप्रदायिक कहकर पुष्कर सिंह सरकार के विरुद्ध वातावरण तैयार किया जा रहा है। मुस्लिम समाज का प्रबुद्ध, धनाड्य वर्ग व मज़हबी नेता भी मज़ारों के माध्यम से अपराध कर रहे इन तथाकथित ख़ादिमों की आलोचना नहीं कर रहें है। मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध व अमनपसंद नागरिकों, नेताओं व मज़हबी नेताओं को इस दिशा में आगे आना चाहिये व मज़हब के नाम पर अपराध कर रहे इन लोगों के विरुद्ध फ़तवा जारी करवाना चाहिये। इसके स्थान पर, उत्तराखण्ड का मुस्लिम समाज इन अपराधियों के पक्ष में बन्द, धरने, प्रदर्शन व जुलूस निकालने में रुचि ले रहा है, यह दुखद स्थिति है।

# मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

//ललित गर्ग //

**कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है।दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है।**

इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है।

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्ठा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे। कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा। साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे।'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त 'रेवड़ी' व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



हैदराबाद आपदा प्रतिक्रिया और संपत्ति निगरानी और संरक्षण एजेंसी ने हैदराबाद के माधापुर में विध्वंस अभियान चलाया।




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में 44वीं एशियाई ओलंपिक परिषद की आम सभा को संबोधित किया।




केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में 44वीं एशियाई ओलंपिक परिषद की आम सभा को संबोधित किया।



नई दिल्ली के नजफगढ़ में एक फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी।




आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के समर्थकों ने नई दिल्ली स्थित एआईसीसी मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने करनाल स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की।



दिग्गज अभिनेता और टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा पटना में एक मोबाइल क्लिनिक को हरी झंडी दिखाते हुए।

# कानपुर में फिर ट्रेन पलटाने की कोशिश, ट्रैक पर गैस सिलेंडर से टकराई कालिंदी एक्सप्रेस, हुआ धमाका!



**कानपुर, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

साबरमती एक्सप्रेस बेपटरी होने और फर्रुखाबाद में हादसा टलने के बाद रविवार को एक और ट्रेन पलटाने की कोशिश नाकाम हो गई। रविवार देर शाम भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस अनवरगंज-कासगंज रेलवे लाइन पर बर्राजपुर और बिल्हौर के बीच ट्रैक पर रखे भरे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई।

तेज धमाके के बाद लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी। फिलहाल, किसी नुकसान की सूचना नहीं है। घटनास्थल पर पेट्रोल से भरी बोतल, माचिस और एक संदिग्ध झोला मिला है। उसमें बारूद और माचिस रखा हुआ था। घटना के बाद ट्रेन करीब 25 मिनट वहीं खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन आगे निकाली गई और बिल्हौर स्टेशन पर भी रोका गया। पुलिस ने धमाके की बात से इनकार किया है। आरपीएफ कन्नौज के इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने बताया कि कैमरों की फुटेज के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। कानपुर से रविवार शाम चली कालिंदी एक्सप्रेस बर्राजपुर स्टेशन से ढाई किलोमीटर आगे ही निकली थी कि करीब 8.25 बजे ट्रैक पर रखा एलपीजी सिलिंडर ट्रेन से टकरा गया। तेज धमाके की आवाज सुनाई देने के बाद लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाकर गार्ड को सूचना दी। इसके बाद करीबी मुंढेरी क्रासिंग के गेटमैन को भी जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही अनवरगंज स्टेशन के रेलवे अधीक्षक, आरपीएफ और अन्य रेलवे अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ट्रैक पर लोहे जैसी वस्तु के रगड़ने के निशान मिले हैं। आरपीएफ ने रेलवे ट्रैक और आसपास की झाड़ियों की जांच की। वहां पर रगड़ खाया हुआ एलपीजी सिलेंडर मिला है। कानपुर-झांसी रूट पर कानपुर में 16 अगस्त की रात करीब ढाई बजे साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे और इंजन पटरी से उतर गया था। इसमें रेलवे ने साजिश की बात कही थी। मामले की जांच चल रही है और पुलिस ने साजिश की आशंका से इन्कार किया है। हालांकि, रेलवे अपनी बात पर अड़ा है। एक सप्ताह बाद ही 23 अगस्त की रात फर्रुखाबाद में अनवरगंज-कासगंज रेलवे लाइन पर रखा गया लकड़ी का मोटा बोटा कासगंज-फर्रुखाबाद एक्सप्रेस के इंजन से टकरा गया था। हालांकि, कोई नुकसान नहीं हुआ था। घटना में दो युवक पकड़े गए थे। उन्होंने शराब के नशे में लकड़ी का बोटा रखने की बात स्वीकार की थी।

# राहुल गांधी क्यों पहुंचे अमेरिका सैम पित्रोदा ने बताई वजह



**ह्यूस्टन, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी रविवार को तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका पहुंचे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद संभालने के बाद उनकी पहली अमेरिकी यात्रा है।राहुल ने एक्स पर कहा, अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, मैं बेहद प्रसन्न हूं। अमेरिका आगमन की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा- मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और गहन बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पिछले हफ्ते कहा था कि राहुल अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर नहीं आ रहे हैं, लेकिन इस दौरान वह अमेरिकी संसद भवन में विभिन्न लोगों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत करेंगे।

उधर, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन खबरों को खारिज कर दिया कि वह अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, उपराष्ट्रपति व राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस सहित कुछ शीर्ष नेताओं से मिलने के लिए वहां जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सप्ताह भर की अमेरिका यात्रा परिवार के साथ निजी यात्रा है।

## पहले किया दुष्कर्म फिर इंस्टाग्राम पर अपलोड की वीडियो छात्रा के साथ आरोपी ने की हैवानियत की सारी हदें पार

**पंतनगर 09 सितम्बर।** उत्तराखंड के प्रतिष्ठित विवि के सरकारी आवास में रहने वाली इंटर की छात्रा के साथ अश्लील फोटो और वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर उसे जेल भेज दिया है। पंतनगर निवासी व्यक्ति ने रविवार को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री इंटर की छात्रा है। कुछ दिन पहले कक्षा 10 तक उसी के साथ पढ़ने वाली उसकी सहेली ने उसे पार्टी के लिए बुलाया था। अगले दिन उसकी सहेली उसे अपने मित्र के परिसर स्थित सरकारी आवास पर ले गई। जहां सहेली का मित्र व उसका दोस्त संजय कालोनी निवासी नीरज सिंह भी मौजूद था।पार्टी के बाद उनकी पुत्री को असहज महसूस हुआ तो उसने घर जाने की बात कही।

# 'रिक्लेम द नाइट', कोलकाता में फिर रातभर विरोध-प्रदर्शन सड़कों पर उतरे लाखों लोग, अमेरिका, इंग्लैंड, जर्मनी से भी समर्थन




**कोलकाता, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

आरजी कर कांड में न्याय की मांग पर कोलकाता समेत बंगाल के समस्त जिलों में रविवार रात फिर लाखों लोग सड़कों पर उतरे हैं और न्याय की मांग कर रहे हैं। इस अभूतपूर्व विरोध-प्रदर्शन में मृत महिला डॉक्टर के माता-पिता भी शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। रातव्यापी अभियान से पहले रविवार दिनभर भी कोलकाता में विरोध-रैलियां निकाली गईं। जूनियर डॉक्टरों ने विभिन्न जगह कृत्रिम अदालत लगाकर आरजी कर कांड पर लोगों से उनका मत भी पूछा। इस नृशंस घटना के एक माह पूरे होने पर रिमझिम सिन्हा नामक आंदोलनकारी ने रविवार को तीसरी बार 'रिक्लेम द नाइट' अभियान का आह्वान किया है। इस कार्यसूची को 'शासकेर घूम भांगाते नतून गानेर भोर' (शासक को जगाने के लिए नए गीत वाली सुबह) नाम दिया गया है।

रिमझिम के अनुरोध पर बंगाल के संगीत जगत से जुड़े लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने-अपने इलाके में गीत-संगीत के जरिए प्रतिवाद जता रहे हैं। शाम होते ही लोग सडकों पर उमडने लगे थे। समाज के सभी वर्गों के लोग इसमें शामिल हुए हैं। इनमें शिक्षक, साहित्यकार, अधिवक्ता, कलाकार, गायक, रंगमंच कर्मी से लेकर कुम्हारटोली के मूर्तिकार व कोलकाता की विरासती हाथ रिक्शा चलाने वाले भी हैं। बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे भी इसका हिस्सा बने हैं। चिर-प्रतिद्वंद्वी फुटबाल क्लब ईस्ट बंगाल व मोहनबगान के समर्थक भी हाथ मिलाकर इसमें शामिल हुए हैं। कुछ जगहों पर मानव बंधन बनाकर विरोध जताया जा रहा है तो कुछ जगहों पर कैनवास पर घटना विरोधी चित्र उकेर कर। कहीं मोमबत्तियां जलाई गई हैं तो कहीं मशाल जलाकर विरोध किया जा रहा है। कुछ के हाथों में पोस्टर-बैनर हैं तो कुछ ने राष्ट्रीय ध्वज थाम रखा है। सभी 'वी वांट जस्टिस' के नारे लगा रहे हैं।

# नक्सलवादियों का होगा खात्मा! छत्तीसगढ़ भेजे जाएंगे 4000 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान, क्या 2026 तक खत्म हो जाएगा माओवाद?

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर के सबसे अधिक नक्सल-हिंसा प्रभावित क्षेत्र में 4,000 से अधिक कर्मियों की चार और बटालियनें तैनात करने जा रहा है। यह देश को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद से मुक्त करने की रणनीति का हिस्सा है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों रायगढ़ में कहा था कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में है और इसे खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। केंद्र नक्सलवाद (वामपंथी उग्रवाद) का खात्मा करने को प्रतिबद्ध है। वामपंथी उग्रवाद को कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा कहा जाता था।

देश के सबसे बड़े बल ने छत्तीसगढ़ में इन चार बटालियनों समेत 40 बटालियन तैनात की हैं। साथ ही कोबरा के जवान भी तैनात किए हैं। इस साल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सीआरपीएफ ने झारखंड से तीन और बिहार से एक बटालियन को वापस बुलाया है और इन्हें छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है। इनकी तैनाती प्रदेश की



राजधानी रायपुर से करीब 450 से 500 किलोमीटर दक्षिण स्थित बस्तर क्षेत्र में की जाएगी।

सीआरपीएफ को देश में प्रमुख आंतरिक सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान बल के तौर पर जाना जाता है। झारखंड एवं बिहार में नक्सली हिंसा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और घटनाएं नगण्य हैं। इसलिए इन बटालियनों को वहां से हटाकर छत्तीसगढ़ में तैनात किया जा रहा है, जहां अब नक्सल विरोधी अभियान केंद्रित हैं। बता दें कि सीआरपीएफ की एक बटालियन में करीब 1,000 जवान होते हैं। सूत्रों ने बताया कि इन इकाइयों को दंतेवाड़ा और सुकमा के दूरदराज के जिलों और ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ लगती सीमा पर तैनात किया जा रहा है। दिल्ली में बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये बटालियनें सीआरपीएफ की कोबरा इकाइयों के साथ मिलकर जिलों के दूरदराज के इलाकों में और अधिक फारवर्ड ओपरेटिंग बेस (एफओबी) स्थापित करेंगी, ताकि क्षेत्र को सुरक्षित करने के बाद विकास कार्य शुरू किए जा सकें।

पिछले तीन वर्षों में बल ने छत्तीसगढ़ में लगभग 40 एफओबी बनाए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बेस स्थापित करने में कई तरह की चुनौतियां आती हैं, जैसे कि नक्सलियों द्वारा जवानों पर घात लगाकर और विस्फोटक उपकरणों से हमला करना।नई बटालियनें तैनात करने का उद्देश्य बस्तर के सभी %नो-गो% क्षेत्रों में पैर जमाना है ताकि सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा के भीतर नक्सलवाद को समाप्त किया जा सके। हालांकि, एक अन्य अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ बटालियनों को लगातार तकनीक, हेलीकाप्टर और संसाधन सहायता की आवश्यकता होगी, क्योंकि दक्षिण बस्तर नक्सल विरोधी अभियानों के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है।

# मुहम्मद यूनुस ने पाकिस्तान को दिया जोर का झटका

## भारत-बांग्लादेश के संबंध पर क्या बोले अंतरिम सरकार के प्रमुख



**ढाका, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश भारत के साथ अच्छे संबंध चाहता है। ये संबंध न्यायसंगत और औचित्यपूर्ण होने चाहिए। यह बात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने छात्रों के साथ मुलाकात में कही है छात्रों के आंदोलन के चलते ही पांच अगस्त को शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद और देश छोड़ना पड़ा था। इस समय वह भारत में हैं। यूनुस ने कहा कि भारत के साथ अच्छे संबंध रखना हमारी जरूरत है लेकिन ये संबंध न्यायसंगत होने चाहिए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश अपने पड़ोसी देशों से सम्मानजनक और न्यायपूर्ण तरीके से अच्छे संबंध रखना चाहता है। उन्होंने एक बार फिर सार्क (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन) के पुनर्जीवित किए जाने की इच्छा जताई। हाल ही में यूनुस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की इच्छा भी जताई थी। उन्होंने कहा था कि न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र आमसभा की बैठक के दौरान यह मुलाकात हो सकती है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के वहां न जाने के निर्णय से दोनों नेताओं के बीच मुलाकात फिलहाल टल गई है। रविवार को बांग्लादेश के प्रभारी विदेश मंत्री मुहम्मद तौहीद हुसैन ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के युद्ध छिड़ने के बयान पर आश्चर्य जताया। एक सवाल के जवाब में कहा,वह क्षेत्र में युद्ध की फिलहाल कोई आशंका नहीं देख रहे हैं। बांग्लादेश में सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान सांप्रदायिक अशांति की कोशिश होने की आशंका जताई है। इसके लिए प्रशासन को सतर्क करने के साथ ही कट्टरपंथियों को चेतावनी दी गई है कि उन्होंने सौहार्द को नुकसान पहुंचाने वाला कोई कदम उठाया तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।यह बात धार्मिक मामलों के मंत्री एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले में काली मंदिर के दौरे में कही है।

# बेटी के सिर पर पिता ने बांधा सीसीटीवी कैमरा, वजह जानकर हैरान रह गए लोग, यूजर्स बोले- बाप हो तो ऐसा

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

माता-पिता अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते हैं। बेटी की देखभाल और उसकी सुरक्षा के लिए पेरेंट्स अलग-अलग कदम उठाते हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान के एक पिता ने अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए ऐसा कदम उठाया, जिसने सभी लोगों को हैरानी में डाल दिया है। सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक लड़की को अपने सिर पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हुए देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो पाकिस्तान का है। वायरल हो रहे वीडियो



में दावा किया जा रहा है कि एक पिता ने अपनी बेटी के सिर पर सीसीटीवी कैमरा ही लगवा दिया है। इस कैमरे की मदद से पिता अपनी बेटी पर नजर रखता है। वीडियो में लड़की ने खुद खुलासा किया कि उसके पिता ने यह कदम उसकी सुरक्षा के लिए उठाया है। वहीं, अपने पिता के इस कदम से उसे कोई आपत्ति नहीं है।

वायरल वीडियो में जब लड़की से पूछा गया कि क्या उसे अपने पिता के इस फैसले पर कोई ऐतराज है। इस पर लड़की का कहना है कि उसे अपने पिता के हर फैसले पर पूरी सहमति है। लड़की ने कहा कि कराची में हिंट एंड रन की घटना होते रहती है। सबूत न होने की वजह से मामले पर कार्रवाई नहीं हो पाती है।लड़की ने कहा, कोई मेरा एक्सीडेंट कर दे तो कम से कम सबूत तो रहेगा। इन हालातों से निपटने के लिए उसके पिता ने उसके सिर पर सीसीटीवी कैमरा बांध दिया है। जब वो घर से बाहर निकले तो उसके पिता उस पर नजर रख सकें।

# नाइजीरिया में ईंधन टैंकर ट्रक में जबरदस्त धमाका, 48 लोगों की मौत



**नाइजर, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

नाइजीरिया में एक ऑयल टैंकर ट्रक ईंधन टैंकर ट्रक की एक गाड़ी से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसमें 48 लोगों की मौत हो गई। उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में यह घटना घटी है। नाइजीरिया की सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी एनएनपीसी लिमिटेड ने पिछले सप्ताह पेट्रोल की कीमत में कम से कम 39 प्रतिशत की वृद्धि की, जो एक वर्ष से अधिक समय में दूसरी बड़ी वृद्धि है। नाइजेरिया में ईंधन की कमी जारी है, जिससे देश के प्रमुख शहरों और कस्बों में मोटर चालकों को घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

# राजस्थान में भारी बारिश का कहर! कई नदी-नाले उफान पर, पार्वती नदी मे चार लड़कियां डूबीं

**नईदिल्ली, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

राजस्थान में रविवार को लगातार तीसरे दिन कई जिलों में मध्यम से भारी वर्षा हुई। इस कारण नदी-नाले उफान पर हैं। बांधों व नदियों से पानी छलक कर बाहर आने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के 33 में 30 जिलों में वर्षा का कोटा पूरा हो चुका है। सोमवार को भी प्रदेश के अधिकतर इलाकों में वर्षा का दौर जारी रहेगा। मंगलवार से मौसम साफ होने लगेगा।उधर, पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के तहत बने प्रदेश के पहले नोनरा बांध के 27 द्वारों की टेस्टिंग रविवार से शुरू हुई। इसके तहत काली सिंध नदी के



पानी से बांध को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस दौरान इटावा से कोटा के बीच आवाजाही बंद रहेगी। रविवार सुबह धौलपुर जिले में पार्वती नदी में नहाने गई चार लड़कियां डूब गईं।

उनकी तलाशी के लिए एनडीआरएफ की टीम जुटी हुई है, लेकिन देर शाम तक उनका पता नहीं चला। शाहपुरा में सेल्फी लेते एक युवक बांध में गिर गया। उसकी भी तलाश की जा रही है। जयपुर, अलवर, सवाईमाधोपुर, टोंक, भरतपुर जिलों के कई इलाकों में मध्यम से भारी बारिश हुई है। बीसलपुर बांध के छह गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है। भीलवाड़ा जिले की खारी नदी उफान पर है। कोटा के रामगंज मंडी में तकली बांध के दो गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

छत्तीसगढ़ में बालौदाबाजार के मोहतरा गांव में रविवार शाम आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। जिला प्रशासन का कहना है कि सभी खेत में काम कर रहे थे। एकाएक भारी वर्षा शुरू होने से वे पानी से बचने के लिए खेत की बगल में ही तालाब के किनारे इकट्ठा हुए थे कि उन पर आकाशीय बिजली गिर गई। घायलों का अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर मोटे मुनाफे का दिया झांसा लोगों से 70 करोड़ ठगे, एसटीएफ ने दो लोगों को दबोचा

**गाजियाबाद, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

स्पेशल टास्क फोर्स लखनऊ ने इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर पांच स्थित मोहन मीकिंस सोसाइटी से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर निवेश कर मुनाफा कमाने का लालच देकर लोगों से 70 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से पुलिस ने छह मोबाइल, खाते व कंपनी का विवरण बरामद किया है। एसटीएफ मेरठ के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसटीएफ को सूचना मिल रही थी कि लोगों से मुनाफा कमाने के नाम पर झांसा देकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर निवेश कर ठगी करने वाला गिरोह सक्रिय है। इसके लिए टीम लगी हुई थी।सूचना मिली थी कि विनोद कुमार धामा गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर जनता के व्यक्तियों से धोखाधड़ी कर शेयर ट्रेडिंग के नाम से मोटी रकम लेकर उन्हें लालच देकर रुपये निवेश कराता है। ज्यादा रुपये खाते में हो जाने के बाद कंपनी बंद कर देता है। किसी दूसरे स्थान पर नए नाम से कंपनी बना लेता है। नोएडा के एच-87, सेक्टर-63 में पूर्व में भी कल्प वृक्ष ट्रेडिंग मास्टर टैक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से और हॉट सिक्योरिटी लिमिटेड व आयुर्वेद इंडिया लिमिटेड के नाम से गाजियाबाद में भी ट्रेडिंग फर्म खोली थी। इसमें करोड़ों रुपये का निवेश होने के बाद बंद कर इंदिरापुरम में छिपे होने की सूचना मिली थी।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर-5 स्थित मोहन मीकिंस सोसाइटी के एक फ्लैट में छापा मारा, जहां से पुलिस ने ग्राम पावला बेगमाबाद, जनपद बागपत के विनोद कुमार धामा और रविन्दर उर्फ नवाब को गिरफ्तार कर लिया। एसटीएफ को पूछताछ में आरोपियों ने जानकारी दी कि विनोद कुमार ने शेयर ट्रेडिंग का काम करने वाली अमेरिकन कंपनी में कुछ दिन काम कर शेयर ट्रेडिंग सीखी। वर्ष 2022 में विनोद ने अपने साथियों के साथ मिलकर नोएडा में एच-87 सेक्टर-63 में ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए कल्प वृक्ष ट्रेडिंग मास्टर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और ट्रेडिंग मास्टर कंपनी बनाकर रजिस्टर्ड कराई थी।इसके मालिक विनोद धामा व प्रवीण धामा उर्फ सोनू और डायरेक्टर विनोद धामा व रोहित खान थे।

## ममता बनर्जी तत्काल बुलाएं कैबिनेट की बैठक, राज्यपाल ने दी सीएम को नसीहत

**कोलकाता।** सरकारी आरजीकर अस्पताल में महिला डाक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले में लोगों द्वारा लगातार की जा रही न्याय की मांग के मद्देनजर राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तत्काल मंत्रिमंडल (कैबिनेट) की आपातकालीन बैठक बुलाने और इस मुद्दे पर चर्चा करने का निर्देश दिया है। राजभवन के सूत्र ने यह जानकारी दी।राज्यपाल ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस के आयुक्त विनीत गोयल को हटाने की लोगों की मांग पर फैसला करना चाहिए। बोस ने कहा है कि राज्य सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती और राज्य में हो रही चिंताजनक घटनाओं पर चुप नहीं रह सकती। राज्यपाल के अनुसार, राज्य को संविधान और कानून के शासन के तहत काम करना चाहिए।उन्होंने स्पष्ट कहा है कि शुतुरमुर्ग जैसा रवैया काम नहीं आएगा और राज्य सरकार को कोलकाता के पुलिस आयुक्त को हटाने की जनता की मांग पर ध्यान देना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा संचालित आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के सेमिनार रूम से नौ अगस्त को ड्यूटी पर तैनात प्रशिक्षु महिला डॉक्टर का शव मिला था।

## सपा नेता पर साथ काम करने वाली महिला से दुष्कर्म का आरोप, पीड़िता बोली- जबरन पिलाया नशीला ड्रिंक



**मऊ, 09 सितम्बर [एजेंसी]।**

बलिया जनपद निवासी एक महिला ने सपा नेता व अधिवक्ता वीरेंद्र बहादुर पाल पर शहर कोतवाली में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला दर्ज कर पुलिस प्रकरण की जांच-पड़ताल में जुट गई है।महिला का आरोप है कि शहर के सरायलखंसी थाना के चकमेंहदी मोहल्ला निवासी सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र बहादुर पाल के साथ ही वह मुंशी का काम करती है। कुछ दिन पूर्व ड्यूटी से कमरे पर जाते समय उन्होंने जबरन अपने चार पहिया वाहन में उसे बैठा लिया। इस दौरान शीतल पेय में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद लखनऊ अपने घर पर ले गए और वहां भी दुष्कर्म करने के बाद वीडियो बना लिया। इसके बाद से लगातार शादी करने का हवाला देकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देते रहे। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी अधिवक्ता ने चार लाख रुपये नकद भी ले लिए हैं। उसके वाहन को भी अपने पास रख लिए हैं। छह सितंबर को अपनी गाड़ी मांगने उनके चैंबर में गई तो आरोपी अधिवक्ता ने उसके साथ मारपीट भी किया। महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी अधिवक्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच-पड़ताल में लगी है। आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।-अंजनी कुमार पांडेय, सीओ सिटी, मऊ। उधर, सपा जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने कहा कि वीरेंद्र बहादुर पाल से सपा का कोई लेना-देना नहीं है।

# चीनी युक्त पेय पदार्थ सेहत के लिए हैं नुकसानदेह, इन तरीकों से कम करें इनका सेवन



हर किसी को कोल्ड ड्रिंक या कॉफी जैसे पेय पदार्थ पीना पसंद होता है। हालांकि, इन चीनी युक्त पेय पदार्थों के अधिक सेवन से स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है।सोडा, फ्लेवर्ड दूध, मीठी चाय और कॉफी, सभी में अधिक मात्रा में चीनी होती है। इन पेय में पोषक तत्वों की कमी और चीनी की अधिक मात्रा मधुमेह और हृदय रोग पैदा कर सकती है।आप डाइट से इन पेय पदार्थों को बाहर करने के लिए ये घरेलू नुस्खे अपनाएं।

**इन पेय पदार्थों की जगह पीएं पानी**

अक्सर गर्मी लगने पर लोग कोल्ड ड्रिंक या चीनी से भरपूर पेय पदार्थों का सेवन कर लेते हैं। हालांकि, इनकी जगह पर पानी पीना स्वास्थ्य के लिहाज से फायदेमंद साबित हो सकता है।चीनी युक्त पेय की जगह पानी पीने से आपको हाइड्रेशन तो मिलेगा ही, साथ ही आपके खान-पान में शर्करा और कैलोरी की मात्रा भी कम हो जाएगी।इसके अलावा, आप हर्बल चाय जैसे चीनी रहित पेय पदार्थों का सेवन कर सकते हैं।

**पेय पदार्थों के लेबल और सामग्री को अच्छी तरह पढ़ें**

बाजार में मिलने वाले पेय पदार्थों के पैकेट पर अक्सर शुगर-फ्री लिखा जाता है। हालांकि, इसके बावजूद भी इनमें कुछ मात्रा में चीनी शामिल होती है।ऐसे में आपको हर पेय पदार्थ के लेबल और सामग्रियों को पढ़कर ही उन्हें खरीदना चाहिए। अगर उनमें फरुक्टोज, कॉर्न सिरप या सुक्रोज जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है तो उन्हें न खरीदें।आप मीठे की लालसा को कम करने के लिए डाइट में ये खाद्य पदार्थ शामिल करें।

**स्वस्थ स्मूदी को बनाएं डाइट का हिस्सा**

रोजाना चीनी से भरपूर पेय पदार्थों को आहार का हिस्सा बनाने के बजाय आप स्वस्थ स्मूदी पी सकते हैं। स्मूदी फल, सब्जियों और ओट्स जैसी पौष्टिक सामग्रियों से बनती है।इनके सेवन से आपको हाइड्रेशन, ऊर्जा और पोषक तत्व मिल सकते हैं। साथ ही आप इन्हें पी कर मीठे की लालसा कम करके अपना वजन भी घटा सकते हैं।केले, पालक, संतरे, आम, बेरी आदि जैसे फल-सब्जियों से स्वादिष्ट स्मूदी बनाकर पीएं।

**घर पर खरीदकर न लाएं चीनी युक्त पेय पदार्थ**

जब आपके घर में जूस, कोल्ड ड्रिंक, सोडा या फ्लेवर्ड दूध जैसे पेय पदार्थ रखे होंगे, तो आपको उनकी लालसा होती रहेगी। आप न चाहते हुए भी उन्हें निकालकर पी ही लेंगे।ऐसे में आपको अपनी किराने के सामान की लिस्ट से इन्हें हटा देना चाहिए। यानि कि आपको चीनी से भरपूर पेय पदार्थ खरीदकर घर में स्टोर नहीं करने चाहिए।आप इनके बजाय हर्बल चाय और ताजे फलों का जूस खरीदकर रख सकते हैं।

**इन पेय पदार्थों की दैनिक सीमा करें निर्धारित**

किसी भी व्यक्ति के लिए अचानक चीनी का सेवन बंद करना मुश्किल होता है। ऐसे में आप धीरे-धीरे करके इन पेय पदार्थों को पीना कम कर सकते हैं।आपको एक दिन में 150 मिलीलीटर से अधिक चीनी युक्त पेय नहीं पीने चाहिए। आप एक व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं कि आप एक हफ्ते में कितने मीठे पेय पिएंगे।इनकी संख्या को धीरे-धीरे कम करें, जब तक कि इन चीनी युक्त पेय पदार्थों की आदत छूट न जाए।

## सबसे बड़ी वॉर फिल्म बॉर्डर 2 की रिलीज डेट हुई अनाउंस



साल 1997 में रिलीज हुई जेपी दत्ता की बॉर्डर ब्लॉकबस्टर फिल्म थी. इस देशभक्ति से भरी मूवी में सनी देओल, जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी सहित कई कलाकारों ने अपनी दमदार एक्टिंग से दिल छू लिया था. वहीं अब इस फिल्म का मोस्ट अवेटेड सीक्वल आ रहा है. बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इस फिल्म की रिलीज डेट जानने के लिए बेसब्र हो रहे हैं. फाइनली मेकर्स ने बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. चलिए जानते हैं ये फिल्म सिनेमाघरों में कब दस्तक देगी?

बॉर्डर 2 की अनाउंसमेंट के बाद से फैंस इसके सिनेमाघरों में रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं इस फिल्म में अहम रोल निभा रहे सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर कर बॉर्डर 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. पोस्ट मे लिखा गया है, बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी. यानी ये फिल्म गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी. वहीं फिल्म की रिलीज डेट की अनाउंसमेंट ने फैंस की एक्साइटमेंट अब पीक लेवल पर कर दी है. बता दें कि हाल ही में बॉर्डर 2 का टीजर भी रिलीज हुई था. टीजर की शुरुआत सोनू निगम के गाने ए गुजरने वाली हवा बता, मेरा इतना काम करेगी क्या... इसके बाद वरुण धवन की आवाज आती है. दुश्मन की हर गोली से जय हिंद बोलकर टकराता हूं, जब धरती मां बुलाती है सब छोड़कर आता हूं. हिंदुस्तान का फौजी हूं मैं. इस टीजर के साथ सनी देओल ने अनाउंस किया था कि बॉर्डर 2 मे वरुण धवन की एंट्री हुई है. उन्होंने टीजर के साथ कैप्शन में लिखा, बॉर्डर 2 की बटालियन में फौजी वरुण धवन का वेलकम है. बॉर्डर 2का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है. वहीं इस फिल्म को जेपी दत्ता, भूषण कुमार और निधि दत्ता प्रोड्यूस कर रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म में सनी देओल तो लीड रोल प्ले करेंगे ही वहीं आयुष्मान खुराना और दिलजीत दोसांझ जैसे सितारो को भी फिल्म में लिया गया है. कलाकारों की सूची में विनाली भटनागर और नितीश निर्मल का नाम भी शामिल है.



## जायसवाल के हॉट लुक्स ने बारिश के मौसम में बढ़ाया तापमान, ट्रोल कर रहे लोग

साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री की हॉट एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। उनका बोल्ड और स्टनिंग अवतार इंटरनेट पर आते ही सुर्खियां बटौरता रहता है। हालिया शेयर की गई तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक बार फिर एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट स्टनिंग अंदाज से फैंस को दीवाना बना दिया है। इन तस्वीरों में उनका आउटफिट देखकर फैंस तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से इंटरनेट पर कहर बरपाती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही लाइमलाइट बटोरने लगता है। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस की निगाहें उन पर से हटने का नाम नहीं लेती है। हालांकि फैंस भी उनके लुक को काफी फॉलो करते हैं। ओपन हेयर को वेवी स्टाइल में लुक देकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनके चेहरे पर प्यारी सी स्माइल ने उनके लुक पर चार चांद लगा दिया है। प्रज्ञा जैसवाल की इन तस्वीरों पर लोगों ने कॉमेंट करते हुए सो प्रीटी, बेहद शानदार, यू लुक सो हॉट लिखा है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज शेयर करती रहती हैं।




## जूनियर एनटीआर ने दिया सरप्राइज, देवरा के नए पोस्टर संग ट्रेलर की रिलीज डेट का किया एलान

अभिनेता जूनियर एनटीआर की अगली फिल्म देवरा है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक्टर ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है। यह फिल्म इसी महीने सिनेमाघरों में दस्तक देगी। उससे पहले दर्शकों को फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है, जिसकी रिलीज डेट का खुलासा हो गया है। कोरतल्ला शिवा के निर्देशन में बनी फिल्म देवरा: पार्ट-1 में जूनियर एनटीआर का दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। जूनियर एनटीआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से नया पोस्टर जारी किया है। इसके साथ लिखा है, आप सभी को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं। साथ ही बताया है कि फिल्म का ट्रेलर 10 सितंबर 2024 को जारी होगा। फिलहाल नए पोस्टर पर यूजर्स की देखने लायक प्रतिक्रिया है। कमेंट देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के प्रति दर्शक किस कदर क्रेजी हैं। कहा जा रहा है कि देवरा: पार्ट 1 के ट्रेलर में बड़े पैमाने में ड्रामा और एक्शन का एक रोमांचक मिश्रण देखने को मिल सकता है। इस फिल्म में सैफ अली खान खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, जान्हवी कपूर भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं। इस फिल्म से जान्हवी साउथ फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। इस फिल्म को दो भागों में बनाने की तैयारी है। इस फिल्म के दूसरे भाग की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। कहा जा रहा है कि वॉर 2 और प्रशांत नील की अगली फिल्म को खत्म करने के बाद जूनियर एनटीआर देवरा पार्ट- 2 की शूटिंग शुरू करेंगे।




## कुबेर के मेकर्स ने दिया जबरदस्त तोहफा, नए पोस्टर में दिखा धनुष-नागार्जुन का इंटेंस लुक

धनुष की आने वाली फिल्म कुबेर अनाउंसमेंट के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई है. शेखर कम्मुला निर्देशित यह फिल्म 31 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. उसके पहले हाल ही में मेकर्स ने गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म का पोस्टर रिलीज किया है. जिसमें धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी अलग ही अवतार में नजर आ रहे हैं. दोनों अपोजिट कैरेक्टर में हैं लेकिन दोनों के चेहरे पर ही गंभीरता और निडरता देखी जा सकती है.

कुबेर के मेकर्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म का पोस्टर रिलीज किया जिसे देखते ही फैंस खुश और एक्साइटेड हो गए. धनुष जहां पूरी दाढ़ी और बढ़े हुए बालों के साथ एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अजीबोगरीब अपीयरेंस ने सभी को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि फिल्म किस बारे में होगी. दूसरी ओर नागार्जुन अक्किनेनी एक नए लुक में नजर आ रहे हैं, उनका लुक काफी इंटेंस नजर आ रहा है. इनके अलावा, फिल्म में रश्मिका मंदाना, जिम सर्भ, दलीप ताहिल जैसे सितारे भी हैं. शेखर कम्मुला के साथ, फिल्म को एमिगोस क्रिएशन ने प्रोड्यूस किया है वहीं इसका म्यूजिक देवी श्री प्रसाद ने दिया है.

# फेशियल स्टीम लेने से त्वचा को होते है कई फायदे, जानिए भाप लेने का सही तरीका



आम तौर पर लोग बंद नाक को खोलने और जुखाम के निवारण के लिए भाप लेते हैं। हालांकि, फेशियल स्टीम यानि चेहरे पर भाप लेना त्वचा की देखभाल के लिए भी फायदेमंद हो सकता है।इसके दौरान चेहरे की त्वचा को गर्म पानी से निकलने वाली भाप के संपर्क में लाना शामिल होता है। आप घर पर ही यह आसान प्रक्रिया करके चमकदार और स्वस्थ त्वचा पा सकते हैं।जानिए फेशियल स्टेम लेने का सही तरीका और इसके मुख्य फायदे।

जानिए फेशियल स्टीम लेने का सही तरीका

आपको फेशियल स्टीम लेने के लिए किसी महंगे उपकरण की जरूरत नहीं है। इसके लिए सबसे पहले पानी को गर्म कर लें और उसे एक ऐसे बर्तन में निकाल लें, जिसमें वह ज्यादा देर तक गर्म रहे।अब एक बड़ी तौलिया लें, जो आपके सिर और बर्तन दोनों को ढक सके। तौलिये को सिर पर रखकर बर्तन की और झुकें।ऐसा करने से भाप आपके चेहरे पर पड़ेगी और तौलिये से बाहर नहीं निकलेगी।

त्वचा होती है साफ

फेशियल स्टीम के जरिए आप अपनी त्वचा को अच्छी तरह साफ कर सकते हैं। भाप लेने से त्वचा के रोमछिद्र ढीले हो जाते हैं और आसानी से खुल जाते हैं।इसके जरिए छिद्रों में फसी हुई गंदगी को आसानी से निकाला जा सकता है, जिससे त्वचा स्वच्छ हो जाती है। साथ ही भाप लेने से रोमछिद्रों में फंसे ब्लैकहेड्स भी चुटकियों में दूर हो जाते हैं।आप इन नुस्खों के जरिए गाल पर होने वाले ब्लैकहेड्स को हटा सकते हैं।

त्वचा देखभाल उत्पाद बेहतर तरीके से होते हैं अवशोषित

कई बार त्वचा के अस्वस्थ और रूखे हो जाने के कारण मेकअप और त्वचा देखभाल के उत्पाद ठीक तरह से अवशोषित नहीं हो पते हैं। ऐसे में आपका मेकअप केकी दिखने लगता है।इस समस्या के निवारण के लिए भी फेशियल स्टीम कारगर साबित हो सकती है। भाप लेने से रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे मेकअप और देखभाल के उत्पाद त्वचा में आसानी से अवशोषित हो जाते हैं।इसके परिणामस्वरूप आपकी त्वचा इन उत्पादों का अधिक फायदा पा सकती है।

बढ़ता है कोलेजन उत्पादन

जब आप चेहरे पर भाप लेते हैं, तो चेहरे में होने वाला रक्त प्रवाह बढ़ जाता है। इसके जरिए कोलेजन और इलास्टिन उत्पादन को भी बढ़ावा मिलता है। कोलेजन वह प्रोटीन होता है, जो आपकी त्वचा को मुलायम और स्वस्थ बनाए रखने के लिए जिम्मेदार होता है। फेशियल स्टीम लेने से आपको झुर्रियों और महीन रेखाओं से भी छुटकारा मिल सकता है।इन 5 तत्वों के जरिए आपकी त्वचा में कोलेजन बढ़ सकता है।

त्वचा होती है हाइड्रेट

कई लोगों की त्वचा प्राकृतिक तौर पर ही रूखी होती है, तो कई लोगों को मौसम के बदलाव के कारण यह समस्या झेलनी पड़ती है। इससे निजाद पाने के लिए त्वचा को हाइड्रेटेड रखना जरूरी होता है।त्वचा को हाइड्रेशन प्रदान करने के लिए फेशियल स्टीम ली जा सकती है। भाप तेल उत्पादन को बढ़ाने में मदद करके त्वचा को हाइड्रेट करती है और चेहरे को प्राकृतिक रूप से मॉइस्चराइज करती है।

## शब्द सामर्थ्य -172

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 171 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | त | | म | री | ज | | | |
| ग | ह | न | ता | | ब | र | ब | स |
| | की | | धि | क्का | र | | र | मा |
| | का | | का | | द | वा | खा | ना |
| प | त | वा | र | | स्त | र | | |
| ह | | | | | | दा | मि | नी |
| ना | | ए | ह | ति | या | त | | लों |
| वा | च | क | | हा | | | खू | ब |
| | | ता | ब | ड़ | तो | ड़ | | र |



## वामिका गब्बी ने बेबी जॉन की शूटिंग के बीच परिवार के साथ एक छोटा सा ब्रेक लिया

अपने व्यस्त शेड्यूल के बीच, अभिनेत्री वामिका गब्बी ने हाल ही में चंडीगढ़ में अपने परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए दो दिन निकाले। मुंबई में अपने व्यस्त कामों में वापस लौटने से पहले वामिका गब्बी ने यह संक्षिप्त विश्राम लिया। अभिनेत्री, जो राज और डीके की नई सीरीज़ की तैयारी के अलावा अपनी आगामी फिल्म बेबी जॉन की शूटिंग में व्यस्त हैं, ने दिल्ली में पहले से तय कार्यक्रम के बाद आराम करने का अवसर लिया।

उनके संक्षिप्त लेकिन बहुमूल्य 48 घंटे के ब्रेक ने उन्हें अपने प्रियजनों के साथ फिर से जुड़ने और अपने व्यस्त पेशेवर जीवन में लौटने से पहले रिचार्ज करने का मौका दिया। एक प्रशिक्षित कथक नर्तक, वामिका ने पंजाबी फिल्म तू मेरा 22 मैं तेरा 22 से प्रसिद्धि प्राप्त की, जिसमें यो यो हनी सिंह और अमरिंदर गिल थे। उन्होंने सिक्सटीन में मुख्य भूमिका निभाने के अलावा इश्क ब्रांडी और इश्क हाजिर है में भूमिकाओं के साथ पंजाबी फिल्म उद्योग में अपनी जगह पक्की की। निक्का जैलदार 2 और निक्का जैलदार 3 में दिखाई देने से पहले गब्बी ने तेलुगु फिल्म भले मंची रोजू में भी अभिनय किया। कबीर खान द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स बायोपिक 83 में अन्नू के रूप में उनकी भूमिका ने उनकी बहुमुखी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत पर आधारित इस फिल्म में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण जैसे शानदार कलाकार थे।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर विविध आयोजन

# समाज के सशक्तिकरण के लिए साक्षरता अनिवार्य

**कोरिया बैकुंठपुर।** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में साक्षरता सप्ताह के समापन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने भाग लिया और साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला।




इस वर्ष की थीम बहुभाषी शिक्षा को बढ़ावा देना आपसी समझ और शांति के लिए साक्षरता पर चर्चा करते हुए डॉ. चतुर्वेदी ने कहा, आज के दौर में बहुभाषी होना एक महत्वपूर्ण कौशल है, जो न केवल व्यक्तिगत उन्नति बल्कि सामाजिक समृद्धि के लिए भी जरूरी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समाज के हर नागरिक को साक्षर बनाना हमारा प्राथमिक कर्तव्य है, क्योंकि साक्षरता से ही समाज की सशक्त नींव रखी जा सकती है। कार्यक्रम के दौरान यह भी बताया गया कि साक्षरता किसी भी देश के विकास और उसकी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण आधार है।क्यों मनाते हैं साक्षरता दिवस, साक्षरता क्या है? साक्षरता शब्द साक्षर से बना है, जिसका अर्थ पढ़ने और लिखने में सक्षम है। दुनिया के सभी देश हर वर्ग के अपने नागरिकों तक शिक्षा के प्रचार प्रसार के उद्देश्य से साक्षरता दिवस मनाते हैं। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी के.के. गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, और अन्य अधिकारियों के साथ-साथ विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देना और शिक्षा के माध्यम से समृद्धि की ओर अग्रसर होना था।

## आरोपितों पर इनाम संपत्ति होगी सीज

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के बेलजोरा निवासी राजमिस्त्री संदीप लकड़ा के अपहरण व हत्या की घटना में शामिल मुख्य आरोपित ठेकेदार अभिषेक पांडेय व सहयोगी गौरी तिवारी पर सरगुजा पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने 10 हजार इनाम की घोषणा की है। प्रकरण में पुलिस की जांच तेज होते ही दोनों आरोपित फरार हो गए थे।

इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस इनके छिपने के संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है लेकिन दोनों पकड़ में नहीं आ रहे हैं। इन दोनों ने अपना मोबाइल भी बंद कर दिया गया है। घरवालों से पूछताछ में भी आरोपितों के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। संदीप के अपहरण और हत्या के आरोप पर पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है। ये सभी मुख्य आरोपित अभिषेक पांडेय के ठेका फर्म में बतौर कर्मचारी काम करते है।

## डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस अवसर पर किए गए कार्यक्रम

**कोरिया पांण्डवपारा।** 5 सितंबर को हायर सकेडरी स्कुल सोरगा में डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया,ग्राम पंचायत सोरगा के वरिष्ठजन के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया । सेवा निवृत शिक्षक के उपस्थित में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया प्राचार्य एस के द्विवेदी प्रधान पाठक मा. शा. ए. एल. गुप्ता प्रधान पाठक श्रीमती नीलम सिंह व्याख्याता श्री मनोज निकुंज एस. के. सिंह एस. एन. यादव देवव्रत पाण्डेय महेन्द्र सिंह ओटी शिवचरन श्रीमती अंजूलता कुशवाहा सुश्री फूलबसिया श्रीमती सीमा गुप्ता शिक्षक रतन राठिया सुश्री रितु टेकाम सुश्री प्रमीला धुव्रे सुश्री अनुसुइया पटेल सुश्री सुकन्या धीवर लोग पुजा पाठ किया गया।वसर पर शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया,ग्राम पंचायत सोरगा के वरिष्ठजन के गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। सेवा निवृत शिक्षक के उपस्थित में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया प्राचार्य एस के द्विवेदी प्रधान पाठक मा. शा. ए. एल. गुप्ता प्रधान पाठक श्रीमती नीलम सिंह व्याख्याता मनोज निकुंज एस. के. सिंह एस. एन. यादव देवव्रत पाण्डेय महेन्द्र सिंह ओटी शिवचरन श्रीमती अंजूलता कुशवाहा सुश्री फूलबसिया श्रीमती सीमा गुप्ता शिक्षक रतन राठिया सुश्री रितु टेकाम सुश्री प्रमीला धुव्रे सुश्री अनुसुइया पटेल सुश्री सुकन्या धीवर लोग पुजा पाठ किया गया।

## एकल अभियान संभाग बैकुंठपुर का अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न





**बैकुंठपुर।** एकल अभियान संभाग बैकुंठपुर का खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेंद्र गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया , मुन्ना भगत जिला खेल अधिकारी कोरिया, भूपेंद्र पाल खेल प्रशिक्षक द्वारा किया गया। जिसमें उपस्थित समिति -एकल अभियान संच बैकुंठपुर के संरक्षक शैलेश शिवहरे,अध्यक्ष मनोज गुप्ता ,अनिल शर्मा, राजीव पंजियारा , कुबेर साहू, रवि त्रिपाठी , धनेंद्र मिश्रा, सुभाष साहू, सुनील दुबे प्राचार्य आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बैकुण्ठपुर, श्रीमती नविता शिवहरे नगर पालिका अध्यक्षा बैकुण्ठपुर, श्रीमती अर्चना गुप्ता, श्रीमती मधुबाला सिंह जी हरिकथा विभाग संच अध्यक्षा बैकुण्ठपुर सुभाष साहू धनेद्र मिश्रा शंभू दयाल शुक्ला रवि त्रिपाठीऔर राजेश यादव,अंचल कार्यालय प्रमुख, नवनीत कुशवाहा अंचल खेलकूद प्रशिक्षक, परमेश्वर बघेल संच प्रमुख , शुकुल सिंह संच प्रमुख संच बैकुन्ठपुर एकल अभियान के समस्त आचार्य गण एवं बच्चे उपस्थित रहे।

## खूंटे में बंधे बछड़े को तेंदुए ने बनाया अपना शिकार

**प्रतापपुर।** सूरजपुर जिले के रमकोला क्षेत्र अंतर्गत तमोर पिंगला अभयारण्य के घने जंगल से निकलकर एक तेंदुआ ग्रामीणों के मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।



जानकारी अनुसार रविवार तड़के चार बजे तेंदुआ रमकोला के पछपेड़ीपारा में स्थित ग्रामीणों की बस्ती में प्रवेश कर गया। यहां बस्ती में रहने वाले धर्मराज अगरिया की गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। बछड़े और गाय को घर के पीछे तरफ अलग अलग खूंटे से बांधकर रखा गया था। सुबह चार बजे वहां तेंदुआ वहां पहुंचा और बछड़े को खूंटे से छुड़ाते हुए उसकी गर्दन को दबोचकर घर के पास स्थित धान के खेत में ले गया। बछड़े को चीते द्वारा ले जाते हुए देखकर वहां बंधी गाय जोर जोर से रंभाने लगी। गाय के रंभाने की आवाज सुनकर घर के अंदर सो रहा ग्रामीण धर्मराज बाहर निकला तो देखा कि तेंदुआ धान के खेत में बछड़े को खा रहा था। यह देखकर ग्रामीण ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया। हल्ला सुनकर तेंदुआ वहां से जंगल की ओर भाग गया। इस दौरान तेंदुआ बछड़े की गर्दन को पूरी तरह से खा चुका था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी तमोर पिंगला अभयारण्य के अधिकारियों को दे दी है। जानकारी मिलने के बाद भी घटनास्थल पर विभाग का कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचा था। बताया जा रहा है कि तमोर पिंगला अभयारण्य के एक गेम रेंजर भी अपना प्रभार किसी और को दिए बगैर कई दिनों से छुट्टी पर चल रहे हैं। वहीं पछपेड़ीपारा के जंगल में जिन वन रक्षक की तैनाती की गई है वे भी छुट्टी पर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण बस्तियों में अक्सर खतरनाक जंगली जानवर प्रवेश कर नुकसान पहुंचाते रहते हैं पर सूचना देने के बाद भी तमोर पिंगला अभयारण्य के अधिकारी कर्मचारी मौन साधे रहते हैं।

## मास्टर ट्रेनर एवं बेल्ट ग्रेडिंग पर एक दिवसीय आयोजन सम्पन्न

**रामानुजगंज।** पंडित दीनदयाल मांगलिक भवन में रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा मास्टर ट्रेनर एवं बेल्ट ग्रेडिंग कार्यक्रम के दो दिवसीय आयोजन का समापन भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता, जन चेतना कल्याण मंच के अध्यक्ष विकास दुबे, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के अमित गुप्ता के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ इस दौरान ट्रेनिंग सेमिनार में सम्मिलित लोगों को सम्मानित भी किया गया। ट्रेनिंग सेमिनार में बलरामपुर रामानुजगंज जिले के 6 विकासखंडों के 250 से अधिक युवक युवतियां सम्मिलित रहे।

ट्रेनिंग सेमिनार के विकास दोहरे के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता ने रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा मास्टर ट्रेनर एवं बेल्ट ग्रेडिंग ट्रेनिंग सेमिनार आयोजन की करने करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए ताकि आत्मरक्षा के गुण सभी सीख सके खासकर लड़कियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भागीदार बनने की आवश्यकता है। विकास दुबे एवं अमित गुप्ता ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन में हम सबको हर संभव मदद करने की आवश्यकता है ताकि ऐसा आयोजनों को प्रोत्साहन मिल सके एवं समय-समय पर आयोजित हो सके। आयोजन समिति के प्रमुख विकास दोहरे ने बताया कि रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा मास्टर ट्रेनर एवं बेल्ट ग्रेडिंग का यह जिले में दूसरा आयोजन है आने वाले समय में आयोजन को और बृहद के रूप में कराया जाएगा। ट्रेनिंग सेमिनार में ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनर बालकृष्ण देवांगन, भगवान दास,हेमलाल पनीका, अमन गुप्ता, बीसी पनिका, मोहम्मद शराफत के द्वारा दिया गया।

ट्रेनिंग में मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेंस सहित अन्य विषयों पर बारीकी से ट्रेनिंग दी गई। समापन समारोह में सुरेश दोहरे,जश्मति दोहरे, संजय रवि उर्मिला रवि,गोथूराम, मुन्नाराम, भगविनंती देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। आयोजन लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा गया सुबह प्रभात फेरी भी निकल गई थी। युवक युवतियों के द्वारा शौर्य का भी प्रदर्शन करते हुए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं सेल्फ डिफेंस सिखाओ का नारा भी लगाया गया।

## ज्यादा उत्पादन का भार नहीं सह सका हापर

**बतौली।** लुंड्रा ब्लाक के ग्राम सिलसिला में स्थित एलुमिना हाइड्रेट फैक्ट्री में उत्पादन लक्ष्य की वृद्धि के दबाब से चार श्रमिकों की मौत हो गई। 10 दिन पहले तक भूसे से संचालित फैक्ट्री में अचानक कोयले का उपयोग शुरू कर दिया गया था। भार अधिक होने के कारण ही हापर के टूटने की जानकारी दी जा रही है, हालांकि कंपनी से जुड़े एक कर्मचारी ने अधिकारियों व विधायक प्रबोध मिंज के समक्ष दावा किया कि हापर की जितनी क्षमता है उसका आधा ही कोयला उपयोग में लाया गया था। ग्रामीणों के भारी विरोध के बीच सिलसिला में मां कुदरगढ़ी एलुमिना हाइड्रेट फैक्ट्री का संचालन शुरू किया गया था। बाक्साइट से एलुमिना हाइड्रेट बनाने वाली फैक्ट्री में भूसे का उपयोग किया जाता था। प्रतिदिन यहां से 30 से 35 हजार टन एलुमिना हाइड्रेट का उत्पादन किया जाता था। सूत्रों के अनुसार 10 दिन पहले प्रतिदिन यहां से एक लाख टन एलुमिना हाइड्रेट उत्पादन का लक्ष्य लेकर काम शुरू किया गया था। स्टीम प्रेशर के लिए भूसे के साथ अत्यधिक मात्रा में कोयला मिलाया जा रहा था लेकिन इसके लिए शायद हापर की क्षमता को ध्यान में नहीं रखा गया। इसका परिणाम यह हुआ कि कोयला लोड हापर टूटकर जमीन पर गिर गया। इससे चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। मां कुदरगढ़ी कंपनी द्वारा सिलसिला के साथ ही बतौली के चिरगा में भी एलुमिना हाइड्रेट फैक्ट्री संचालन के लिए निवेश किया गया था।

## लालच देकर लोगों को धर्म बदलने उकसाया, मौके पर हंगामा

**सूरजपुर।** कोतवाली इलाके के कोट पटना गांव में चंगाई सभा के नाम पर मतांतरण कराने का आरोप लगाते हुए भाजपाईयों समेत बजरंग दल और हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को सामान्य करते हुए तीन संदेहियों को कोतवाली थाना लाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक किसी ने उक्ताशय की लिखित शिकायत नही की है।



बताया गया कि कोट पटना गांव के एक घर में मसीही समाज की सभा हो रही थी। गांव के कुछ हिन्दू धर्मावलंबियों ने भाजपाइयों और बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना दी कि गांव के एक घर में चंगाई सभा हो रही है। इसमे मसीही समाज के बाहर से आए लोगो को मतांतरण के लिए भ्रमित किया जा रहा है। उन्हें प्रलोभन देने के साथ ही चंगाई सभा मे आने से सभी बीमारियों से मुक्ति मिलने की बात कही जा रही है। जानकारी मिलते ही भाजपा रामानुजनगर मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, महामंत्री सुमंत साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, भाजपा के सुरजपुर मण्डल अध्यक्ष अजय अग्रवाल के अलावा भाजपा, बजरंग दल व हिन्दू संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए और हंगामा मचाते हुए चंगाई सभा का विरोध करने लगे। इधर बवाल मचता देख सीएसपी एसएस पैकरा समेत कोतवाली टीआई विमलेश दुबे तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वैधानिक कार्रवाई का भरोसा देते हुए मामले को शांत किया। उसके बाद संदेही तीन लोगों को थाना लाकर उनसे पूछताछ भी शुरू कर दी। कोतवाली में भी गहमागहमी का माहौल रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक किसी ने मतांतरण के संबन्ध में कोई लिखित शिकायत नहीं की है। यह सच है कि मसीही समाज द्वारा बिना अनुमति सभा का आयोजन किया गया था। फिलहाल पुलिस संदेहियों से पूछताछ कर रही है। जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सजग रहने की अपील की

**रायपुर।** स्वाइन-फ्लू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज सिम्स, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आइसोलेशन वार्ड, दवाईयों और आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा है। जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च संस्थानों में भेजने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी है। उन्होंने बताया कि स्वाइन-फ्लू सामान्य बुखार जैसा ही होता है। शरीर में दर्द, सर्दी और बलगम की शिकायत के साथ बुखार आता है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श जरूर लें। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि बिलासपुर जिले में स्वाइन-फ्लू पीड़ितों की मौत के पीछे कई बीमारियां हैं जो मरीजों को पहले से होती हैं। ऐसे मरीजों द्वारा देर से इलाज लेना प्रारंभ करने पर हालत गंभीर हो जाती है जो मृत्यु का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि स्वाइन-फ्लू से पीड़ित होने पर तुरंत उपचार लेना चाहिए। इससे बचाव के लिए भीड़ से दूर रहना चाहिए।

## घर में तोड़फोड़ करता रहा हाथी कमरे में दुबके रहे पांच लोग

**राजपुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के भेड़ाघाट बस्ती में हाथी ने ग्रामीण का घर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के समय परिवार के पांच सदस्य सहमे रहें । हाथी के चले जाने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। हाथी ने मवेशी को घायल करने के साथ ही आठ ग्रामीणों के खेतों में लगी मक्का ,धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। हाथी अभी भी बरहापतरा अलखडीहा जंगल में है। एक और हाथी इसी क्षेत्र में है। दोनों हाथी दिनभर एक साथ ही रहते हैं। शनिवार की रात हाथी भेड़ाघाट बस्ती के समीप प्रवेश कर गया।संजय खाखा के घर को तोड़फोड़ करने के दौरान परिवार के सदस्य एक कमरे में दुबके रहे। भेड़ाघाट बस्ती के समीप हाथी के पहुंच जाने के कारण बिजली भी गुल कर दी गई थी।ग्रामीण संजय खाखा ने बताया कि हाथी लगभग एक घंटे तक घर के आस-पास ही विचरण करता रहा। इस दौरान परिवार की सभी सदस्य प्राण रक्षा के लिए एक कमरे में चुपचाप पड़े रहे। हाथी के जाने के बाद उन्हें थोड़ी राहत मिली। बताया जा रहा है कि इस हाथी के साथ एक और हाथी मिल गया है लेकिन रात को संजय खाखा के घर के समीप सिर्फ एक हाथी ही पहुंचा था। रविवार को जनपद सदस्य नीरज तिवारी ने प्रभावितों से मुलाकात की। नीरज तिवारी ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्र में बिजली नहीं रहने से अंधेरा पसरा रहता है जिससे हाथी जंगल व खेतों से रात के अंधेरे में बस्ती तक पहुंच घरों को निशाना बना रहे हैं।

# सोनहत मंडल में शुरू हुआ सदस्यता अभियान हर बूथ में संगठन का महापर्व मनाएं:तिवारी

**कोरिया बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता महा अभियान के मंडल स्तर पर शुभारंभ का कार्यक्रम सोनहत मंडल के ग्राम बुढ़ार में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल सदस्यता प्रभारी देवेंद्र तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी सोनहत मंडल के अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री नवरत्न पांडे मंडल के महामंत्री व सदस्यता अभियान के संयोजक मनोज साहू महामंत्री केपी सिंह सदस्यता अभियान के सहसंयोजक सुरेश तिवारी सहसंयोजक एवं जनपद सदस्य सोनिया राजवाड़े किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संदीप साहू युवा मोर्चा के जिला मंत्री रमेश तिवारी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष प्रकाश राजवाड़े अजजा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष समय लाल शंभू दयाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हम सभी लोगों को प्रत्येक बूथ में संगठन का महापर्व मनाना है।भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने देश की तकदीर एवं तस्वीर को बदलने का काम किया है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश चौतरफा विकास कर रहा है। जहां एक और कांग्रेस ने देश के अंदर और बाहर राष्ट्र विरोधी ताकतों को आगे बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन किया,वहीं जब





भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मोदी जी का नेतृत्व देश को मिला तब देश का कोना-कोना विकास के मार्ग में अग्रसर हुआ और देश विरोधी ताकतें लगातार घुटने टेकने को मजबूर हो गईं।आज भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव घर-घर जाकर पार्टी का सदस्य बनाने की आवश्यकता है हर एक व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर गौरव महसूस करता है क्योंकि यह सदस्यता ऑनलाइन माध्यम से की जा रही है इसलिए लोगों तक पहुंचकर डिजिटल माध्यम से उन्हें सदस्य बनाने की आवश्यकता है।इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता अपने समय का सदुपयोग करते हुए प्रत्येक बूथ में कम से कम 200 सदस्य बनाने का अभियान आज से ही प्रारंभ कर दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष ईश्वर राजवाड़े ने सदस्यता अभियान के लिए बनाई गई संरचना और आगामी दिवस के कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारी पर चर्चा किया।मंडल अध्यक्ष श्री राजवाड़े ने कार्यकर्ताओं की प्रशंसा करते हुए विगत चुनाव में मंडल के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया।उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन में ही सबसे बड़ी ताकत है।एक और एक मिलकर जहां11होते हैं वही संगठन का कार्य होता है हम सभी को कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ना है।जिला नेतृत्व द्वारा हमें जो जवाबदारी दी गई है उसका शत प्रतिशत हमें पालन करना है।भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री नवरत्न पांडे द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रत्येक शक्ति केंद्र में प्राप्त लक्ष्य को पूरा करने के लिए शक्ति केंद्र प्रभारी संयोजक एवं सहसंयोजक की भूमिका पर प्रकाश डाला।उन्होंने संगठन के कार्य को पूरी लगन एवं निष्ठा से करने के लिए योजना बनाने पर जोर दिया।अभियान के संयोजक मंडल के महामंत्री मनोज साहू ने शक्ति केंद्र सदस्यता सहयोगी एवं बूथ प्रभारी के कार्यों के संबंध में जानकारी देते हुए यह आश्वासन दिया की निश्चित समय अवधि में सदस्य टोली बूथ में पहुंचकर इस अभियान को सफल बनाने का कार्य करें।अभियान की संयोजक एवं जनपद सदस्य सोनिया राजवाड़े ने कहा गांव में महतारी वंदन योजना के वजह से मातृशक्ति में भारी उत्साह है। सभी माताए बहने भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रवादी संगठन से जुड़ना चाहती हैं।हम सभी बहने घर-घरख जाकर लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनेंगे और इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाएंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन अभियान के सहसंयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष सुरेश तिवारी द्वारा किया गया। इस दौरान सहसंयोजक सुरेश तिवारी ने सभी से आग्रह किया की शक्ति केंद्र सदस्यता टोली मंडल की टीम के साथ निरंतर में संपर्क में रहे प्रतिदिन भूतों में होने वाले सदस्यता की रिपोर्ट जिले में देनी होगी इसलिए प्रत्येक शाम को मंडल टीम तक सदस्यता की जानकारी अवश्य दें। मंडल स्तरीय बैठक होने के बाद पार्टी के सभी पदाधिकारी ग्राम बुढार के देव मंदिर में पूजा अर्चना करने के के पश्चात ग्राम के प्रमुख मार्गो से होते हुए ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों धर्म साय राजवाड़े, सुरेंद्र राजवाड़े,अधिवक्ता रवि राजवाड़े प्रेमलाल राजवाड़े, ओमप्रकाश राजवाड़े गुलाब चंद्र संजीवन लाल राम मिलन सहित अन्य वरिष्ठ जनों के सदस्यता का नवीनीकरण किया। बूथ के लिए वार्ड बार टीम का गठन किया गया। स्तर पर सदस्यता अभियान की रैली पूरे उत्साह के साथ निकाली गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेश राजवाड़े अनिल जायसवाल राजू साहू दिलीप राजवाड़े विक्की साहू सुचित्रा पाल कृष्णी राजवाड़े कामेश्वर राजेश प्रदीप रामू विक्की सारथी देवी दीनानाथ अमर साय महाराणा प्रभुदयाल जयप्रकाश सुरेश ठाकुर सहित अन्य सैकड़ों जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मौसम बदलने के दौरान हादसा एक की मौत

**कोरबा।** रजगामार क्षेत्र में बदलने के दौरान हुए घटनाक्रम में 65 वर्षीय जत्तूराम मरकाम की मौत हो गई। धमतरी जिले के सिल्ली का वह निवासी था और पिछले दो महीने से शनि मंदिर में पुजारी का काम कर रहा था। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया है कि गरज-चमक के बीच यहां मौसम बदला। इस बीच यह व्यक्ति मृत हो गया। परिस्थितियां संदिग्ध बताई गई है। लोगों ने दावा किया कि आकाशीय बिजली के असर से उसकी मौत हुई होगी। वहीं रजगामार चौकी प्रभारी एम.एस.ध्रुर्वे ने बताया कि शव में ऐसे कोई लक्षण नहीं मिले हैं जिससे आकाशीय बिजली का प्रभाव नजर आए। फिलहाल हमने मौत को संदिग्ध श्रेणी में रखा है और मर्ग कायम किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों का पता चल सकेगा। पुलिस इस आधार पर आगे की कार्यवाही करेगी।

## 14 शक्ति केन्द्रों के प्रभारी बनाए गए

**कोरबा।** बांकी मोंगरा वार्ड में कुल 14 शक्ति केन्द्र आते है। यहां के महामंत्री मनीष मिश्रा व हनुमान पाण्डेय ने सात सात शक्ति केन्द्रों की जवाब दारी ली है। इनके द्वारा सभी शक्ति केन्द्रों में सदस्ता अभियान की शुरूआत करते हुए प्रभारी बना दिए गए है। बॉबी बघेल, रामेश्वर , अजय कश्यप ,लखन राठौर, इन शक्ति केन्द्रों के प्रभारी है। मनीष मिश्रा के द्वारा कल सर्वमंगला नगर शक्ति केन्द्र में जाकर कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। यहां पर माधव जायसवाल, भीम चौहान सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कौशिल्या महतो का निधन



**कोरबा।** कोरबा के पूर्व सांसद स्व. डॉ. बंशीलाल महतो की धर्मपत्नी व भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो की माता श्रीमती कौशल्या महतो का आज हैदराबाद में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 10 सितंबर मंगलवार को प्रात: 10 बजे कोरबा मोतीसागर पारा के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

# किशोरी ने आश्रय गृह में क्यों लगाई फांसी, शुरू हुई न्यायिक जांच

## आईसीडीएस की निगरानी में संस्था हो रही संचालित

**कोरबा।** रामपुर बैगिनडभार क्षेत्र में संचालित बालिका आश्रय गृह में एक किशोरी द्वारा खुदकुशी के मामले गरमाए हुए हैं। इस मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। महिला दंडाधिकारी इसकी जांच कर रहीं हैं। इस बीच आज मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि प्रक्रियाओं के तहत इस मामले में कार्यवाही जारी है। आगे होने वाली जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के तर्क से स्पष्ट हो सकेगा कि घटना के पीछे असली कारण क्या थे।

आश्रय गृह में उन बालिकाओं, किशोरियों और महिलाओं को रखने की व्यवस्था है जो अलग-अलग कारण से गुम होने के बाद मिलती है या फिर उन्हें रेस्क्यू किया जाता है अथवा अन्य परिस्थिति में वे अपने घर नहीं जाना चाहतीं। इस पर अगले विकल्प अपनाते हुए व्यवस्था के तहत उन्हें प्रशासन के द्वारा संचालित किए जा रहे आश्रय गृह में रखा जाता है। कोरबा के रामपुर बैगिनडभार में एक संस्था इस प्रकार का केंद्र चला रही है जो आईसीडीएस की देखरेख में है। सरकार की गाइड लाइन के तहत यहां पर सुरक्षा के अलावा अन्य प्रबंध किए गए हैं। खबर के मुताबिक एक 16 वर्षीय किशोरी ने वार्डन और अन्य से नजर बचाकर इस घटना को अंजाम दिया। बाथरूम में उसका शव फंदे पर लटका मिला। काफी समय तक जब वह अपने कक्ष में नजर नहीं आई तो स्वाभाविक रूप से चिंता हुई और उसे तलाशा गया। संबंधितों को जानकारी दिए जाने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। सिविल लाइन पुलिस ने मौके पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक पूछताछ की। उस दौरान इस घटना के बारे में जानकारी हुई। सिविल लाइन टीआई ने बताया कि मृतका का शव फंदे पर लटका मिला था। इस आधार पर प्रकरण को संदिग्ध मौत से जुड़ा माना गया। आगे न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं और उक्तानुसार अनुसंधान हो रहा है। आज मृतका के शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसकी वीडियोग्राफी कराई गई। पीएम रिपोर्ट और न्यायायिक जांच में जो चीजें सामने आएंगी उस आधार पर आगे कार्यवाही हो सकेगी।

### यही हाल किशोर गृह का

विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त किशोरवय के आरोपी को कानून के अनुसार अगली स्थिति तक किशोर सुधार गृह में रखने के आदेश हैं। कोरबा के रिस्दी क्षेत्र में इनके लिए व्यवस्था की गई है। नगर सेना और पुलिस के जवानों की सुरक्षा में यह केंद्र चल रहा है। यहां से अब तक कई किशोर फरार हो चुके हैं और इनके चक्कर में सुरक्षा कर्मियों को विभाग ने सस्पेंड किया है। इसलिए यहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने पड़े हैं।

# दरगा में दिखा लोनर



**कोरबा।** जिले में पांच लोगों को मौत की नींद सुला देने वाला खतरनाक लोनर हाथी अब बालको वन परिक्षेत्र की सीमा को पार करने के बाद पसरखेत के रास्ते कोरबा वनमंडल अंतर्गत दरगा पहुंच गया है। आज सुबह यहां के जंगल के में उसे विचरण करते हुए देखा गया। वन विभाग का अमला उसकी निगरानी में जुट गया।

जानकारी के अनुसार लोनर हाथी ने कल शाम 7.30 बजे के लगभग बालको वन परिक्षेत्र में स्थित कॉफी प्वाइंट क्षेत्र से आगे बढ़ा और पतरापाली पसरखेत रेंज पहुंच गया। रात भर लोनर क्षेत्र में स्थित जंगलों में विचरण करता रहा और आज सुबह कमरन-बताती होते हुए कोरबा वन परिक्षेत्र के दरगा पहुंच गया और यहां के जंगल में डेरा डाल दिया। वन विभाग की टीम लगातार रात भर लोनर की निगरानी करती रही। हाथी के दरगा क्षेत्र में पहुंचते ही वन विभाग का अमला और भी सतर्क हो गया है। आसपास के गांवों में मुनादी कराने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क करने का काम शुरू कर दिया गया है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि क्षेत्र में खतरनाक हाथी की आमद हो गई है, अत: वे इससे दूरी बनाए रखें तथा सावधानी बरतें। ज्ञात रहे लोनर हाथी का इन दिनों जिले में जबरदस्त आतंक है जिस क्षेत्र में भी पहुंचता है वहां के लोगों में हड़कंप मच जाता है। वहीं जन सुरक्षा को लेकर वन विभाग के सामने भी चुनौती उत्पन्न हो जाती है। लोनर हाथी द्वारा अब तक जिले में पांच ग्रामीणों की जान ली जा चुकी है। वन विभाग की टीम इस पर नियंत्रण करने के लिए लगातार कोशिश में लगी हुई है लेकिन इसमें सफलता नहीं मिल पा रही है उल्टा लोनर हाथी का उत्पात और भी बढ़ता जा रहा है। अब वन विभाग की टीम इस कोशिश में लगी है कि वह वापस धरमजयगढ़ जंगल चला जाए और अपने दल में शामिल होकर भ्रमण करे। दल में मिलते ही उसके उत्पात थमने की संभावना है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक दल से बिछड़ने के कारण लोनर हिंसक हो गया है।

इस बीच एक दंतैल हाथी कुदमुरा के जंगल में आ धमका है। दंतैल ने आते ही यहां कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन उत्पात की संभावना बनी हुई है जिसे देखते हुए संबंधित वन अमला सतर्क हो गया है। कुदमुरा व आसपास के गांवों में मुनादी कराई जा रही है। इधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में 27 हाथी सक्रिय हैं और कोरबी के जंगल में विचरण करने के साथ ही क्षेत्र में खेतों में पहुंचकर ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। ग्रामीणों द्वारा हाथी समस्या के समाधान के लिए लगातार मांग जिला प्रशासन व वन विभाग से की जा रही है लेकिन न तो प्रशासन ही कोई ठोस कदम उठा पा रहा है और न ही वन विभाग। जिसके चलते ग्रामीणों को लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा जब-जब मांग की जाती है उन्हें लेमरू हाथी रिजर्व का सपना दिखाया जाता है।

## मुश्किल भरी हुई परसाभाठा क्षेत्र की सड़क

**कोरबा।** औद्योगिक नगर बालको में परसाभाठा क्षेत्र की सड़क पर चलना लोगों के लिए काफी मुश्किल हो गया है। भारी वाहनों की गतिविधियों से हालात असामान्य हो रहे हैं। सीपीआई ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन के साथ उचित कदम उठाने के लिए प्रशासन से मांग की। कहा गया कि परसाभाठा से लेकर बालको के दो नंबर गेट तक सुबह से लेकर दोपहर बाद तक नो एंट्री प्रभावशील होना चाहिए ताकि सामान्य आवागमन सुचारू रूप से हो सके। प्रशासन को बताया गया है कि दिन भर भारी वाहनों के चलने से आबादी वाले क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह हो गई है। वहीं सामान्य आवागमन करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है।

### लंबित मामलों को लेकर आंदोलन की तैयारी

**कोरबा।** कई कर्मचारी संघ जल्द ही आंदोलन की तैयारी में है। लंबित मामलों पर कार्रवाई न होने से उनकी परेशानी बढ़ी हुई है। उन्होंने इस बारे में अपनी नाराजगी जताई है और सरकार का ध्यान आकर्षित किया है।

## ब्लैक फिल्म पर कड़ाई कई थार भी हैं निशाने पर



**कोरबा।** ट्रैफिक से जुड़ी समस्याओं को हल करने के लिए पुलिस एक्टिव मोड पर है। ट्रैफिक पुलिस ने सड़कों पर अपनी उपस्थिति के साथ कई मामलों में कार्रवाई तेज की है। नियम विरूद्ध तरीके से वाहनों में लगाए जा रहे ब्लैक फिल्मों को उतारने के साथ पेनाल्टी की गई। कहा गया कि कई थार गाड़ियां भी निशाने पर हैं और जल्द उन पर कार्रवाई होगी।

उच्च अधिकारियों के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस की टीम ने कोरबा में नशे में वाहन चलाने, लापरवाही करने और ट्रिपल सवारी के साथ-साथ कई और मानक का पालन नहीं करने पर बड़ी संख्या में वाहनों पर कार्रवाई की। इस कड़ी में उसके द्वारा कई गाड़ियों से ब्लैक फिल्म उतारी गई और जुर्माना किया गया। कहा गया कि जो नियम के दायरे में नहीं हैं उस पर एक्शन होगा ही। पुलिस को जानकारी मिली है कि शहर में कई महंगी गाड़ियां ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल कर रही हैं, उन पर भी एक्शन होगा।

## स्वस्थ जीवन के लिए नशे से रहें दूर पूजा पंडालों में पुलिस का अभियान




**कोरबा।** अच्छे काम से जुड़कर सक्रियता का परिचय देने और हर क्षेत्र में नाम कमाने के लिए काम होना चाहिए। यह तब हो सकता है जब आप किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे। क्योंकि नशे को नाश का कारण माना गया है। कटघोरा पुलिस ने गणेशोत्सव पर पूजा पंडालों में नशामुक्ति को लेकर अभियान शुरू किया है।


टीआई धर्मनारायण तिवारी और उनकी टीम पास की पंचायत धंवईपुर पहुंची और वहां सार्वजनिक गणेश पूजा समिति में इस अभियान के बारे में जानकारी दी। सजग कोरबा के अंतर्गत लोगों को विभिन्न प्रकार के अपराधों और आपराधिक तत्वों से बचने के लिए टिप्स दिए गए। फोकस इस बात पर था कि आज के दौर में नशा एक बड़ी समस्या बना हुआ है और इसके कारण समस्याएं पेश आ रही है। परिवार और आसपास में इमेज खराब हो रही है। कई स्थानों पर इस वजह से बहिष्कार जैसे मामले भी सामने आ रहे हैं। इसलिए कोशिश होनी चाहिए कि इस तरह की चीजों से खुद बचें और दूसरों को मुक्त करें। टीआई ने बताया कि धंवईपुर के अलावा अन्य क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से भी इस अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा। अभियान में कटघोरा पुलिस के उप निरीक्षक सहित अन्य कर्मी अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

### निगरानी रहेगी कार्यक्रमों में

कहा गया है कि शराबखोरी और दूसरे नशों के कारण अनेक स्थान पर वातावरण बिगड़ रहा है। घटनाएं भी हो जाती हैं। इसलिए पुलिस विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार निगरानी करेगी।

## जल्द मिलेगा कुसमुंडा क्षेत्र को सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस

**कोरबा।** केएसएस के द्वारा कुसमुंडा क्षेत्र को सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इनके द्वारा मांग पत्र मुख्यालय को सौंपा गया था। जिसमें कहा गया है कि कुसमंडा क्षेत्र सबसे बड़ा खदान क्षेत्र माना जाता है। यहां कोयला कामगारों को पर्याप्त इलाज की सुविधा नही है। कोयला कामगारों को इलाज के लिए नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जाना पड़ता है। केएसएस के सॉजी जॉन व समार सिंह ने बताया कि कोयला कामगार यहां के डिस्पेन्सरी पर निर्भर है। आसमिक दुर्घटना होने पर सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस की जरूरत कोयला कामगारों को है। ताकि प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें नेहरू चिकित्सालय भेजा जा सके । कुसमुंडा से गेवरा की दूरी 20 किलो मीटर है। चिकित्सालय पहुंचने तक मरीजों को सुरक्षित रखना होगा। आने वाले दिनों कोयला कामगार सर्व सुविधा युक्त एंबुलेंस का लाभ उठा सकेगें। क्योकि इस मामले को प्रबंधन ने काफी गंभीरता से लिया है। और एंबुलेंस आने की तैयारी आगे बढ़ रही है। केएसएस ने मुख्यालय में हुई आई आर बैठक में मामले को उठाया था।







# ऐसा काम करें जिससे आत्मा पुष्ट हो : मृदुलकांत



**कोरबा।** कबुलपुरिया परिवार द्वारा पितृमोक्षार्थ गया श्राद्ध निमित्त श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह महोत्सव के पांचवें दिन भागवत भूषण आचार्यश्री मृदुलकांत शास्त्री ने बाल लीला प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि श्री कृष्ण-मइय्या यशोदा जैसी दिव्य सुंदरता पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलेगी। श्याम वर्ण होने के कारण ही उनका नाम श्याम सुंदर पड़ा। काला रंग होने के कारण उन्हें श्याम भी कहा जाता है। हर व्यक्ति ऐसा काम करे जिससे उसकी आत्मा पुष्ट हो।

पं. दीनदयाल उपाध्याय सांस्कृतिक भवन आशीर्वाद प्वाइंट में मृदुलकांत शास्त्री ने कहा कि बाहरी आवरण को दमकाने के बजाय मन और आत्मा को पुष्ट करने के लिए अच्छा कार्य करें। अच्छे मनुष्य की पहचान रंग रूप से नहीं बल्कि उनके अच्छे गुणों के कारण होती है। उन्होंने कहा कि श्याम रंग होने के बाद भी पूरी दुनिया में भगवान कृष्ण जैसा सुंदर कोई नहीं। बाल लीला का अनुपम प्रहसन सुनाते हुए कहा कि कृष्ण को जरा भी घमंड नहीं था और विनम्र होकर उन्होंने कंस जैसे महाबलशाली को भी मार दिया। विनम्रता ही बड़े लोगों की पहचान होती है, इसलिए विनम्र बनो और ऐसा कार्य करें, जिससे देश, समाज और मानव जाति को लाभ मिले। आचार्यश्री के श्रीमुख से कृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुनकर श्रोतागण ऐसे आल्हादित हुए, जैसे भगवान श्री कृष्ण स्वयं नजरों के सामने बाल लीला कर रहे हैं। इंद्र का घमंड तोडक़र गोवर्धन पहाड़ को महिमामंडित किया, इसकी भी कथा सुनायी। कथा समाप्ति के बाद भगवान कृष्ण को छप्पन भोग अर्पण किया गया और छप्पन भोग महोत्सव मनाया गया। खास तौर पर माखन चोर को माखन खिलाया गया। कथा समाप्ति के पूर्व मटका फोड़ का प्रहसन आया और बाल कृष्ण के रूप में सजाए गए बालक से मटकी फोड़वाया गया और श्रोतागण संगीत की धून पर थिरकते रहे।

### बाल कृष्ण, गोवर्धन पर्वत की झांकी लोगों को आई पसंद

आज बाल कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया गया, गोवर्धन पर्वत की महत्ता बतायी गई और झांकी में गोवर्धन पूजा करते कृष्ण को दिखाया गया। भगवान बाल कृष्ण को छप्पन भोग लगाते हुए झांकी ने सभी का मन मोह लिया और ये झांकी सबको पसंद आयी। मटकी फोड़ का लाईव देखकर सब रोमांचित भी हुए।

### कथा श्रवण करने पहुंची सांसद ज्योत्सना

श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत कथा स्थल पहुंची और ब्यास पीठ में विराजमान आचार्यश्री मृदुलकांत शास्त्री से आशीर्वाद लिया और आचार्यश्री ने उन्हें नारियल भेंट कर गमछा भी समर्पित किया और उनका अभिनंदन किया। श्रीमती महंत बैठकर घंटों तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया। उनके साथ महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, हरिश परसाईं, श्रीमती सपना चौहान, श्रीमती उषा तिवारी, संतोष राठौर सहित अन्य कांग्रेसी भी उनके साथ कथा श्रवण किया।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com